

दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



16 साल से कम उम्र के हैं .......

डेटिंग की खबरों पर ...........

वर्ष : 11 | अंक : 03 | लखनऊ, 19 दिसम्बर , गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क

## 100 करोड़ रुपये तक के विदेशी निवेश की संभावना

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्कों (एमएमएलपी) का भी निर्माण किया जा सकेगा। इस संबंध में कैबिनेट की बैठक में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क नीति-2024 को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। एमएमएलपी में 1,000 करोड़ रुपये के न्यूनतम निवेश के साथ 100 करोड़ रुपये तक का विदेशी निवेश भी किया जा सकेगा। सरकार भूमि खरीद पर निवेशकों को 30 प्रतिशत तक की छूट भी प्रदान करेगी। निवेश के लिए फॉर्च्यून ग्लोबल 500 अथवा फॉर्च्यून इंडिया 500 में सूचीबद्ध कंपनियों के ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क नीति के तहत आवेदन करने वाली इकाई को प्रति एकड़ 10 करोड़ रुपये का न्यूनतम निवेश करना होगा। औद्योगिक विकास प्राधिकरण भूमि की वर्तमान दर में अपने स्तर से 30 प्रतिशत लागत कम करके भूमि आवंटित करेंगे।

### संबंधित प्राधिकरण के पास बंधक रहेगी भूमि

नीति में स्पष्ट किया गया है कि पात्र निवेश की अवधि तक भूमि संबंधित प्राधिकरण के पास बंधक रहेगी। अनुमन्य समय में परियोजना के पूरा होने के बाद भूमि बंधन मुक्त कर दी जाएगी। अगर आवेदक निवेश अवधि के भीतर संचालन करने में विफल रहते हैं तो भूमि पर दी गई छूट को 12 प्रतिशत ब्याज की दर से वसूला जाएगा। अमेरिका, यूरोपियन यूनियन, चीन, रूस, ब्राजील व यूनाइटेड अरब अमीरात की नीति का अध्ययन करके बनाई गई उत्तर प्रदेश की नीति के लिए इन्वेस्ट यूपी को नोडल संस्था बनाया गया है। एमएमएलपी एक्सप्रेसवे व हाईवे से जुड़े बड़े शहरों में ही बनाए जाएंगे। साथ ही औद्योगिक विकास प्राधिकरण या राज्य सरकार की किसी संस्था से पट्टे पर ली गई भूमि पर 100 प्रतिशत की दर से स्टांप ड्यूटी में छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट राज्य सरकार की संबंधित संस्था के प्रमुख के पक्ष में छूट की समतुल्य राशि की बैंक गारंटी प्रस्तुत करने पर प्रदान की जाएगी। लॉजिस्टिक्स पार्कों के लिए 17,000 एकड़ की भूमि विभिन्न हिस्सों में चिह्नित की जा चुकी है।



### यह सुविधाएं होंगी उपलब्ध

एमएमएलपी में फ्रेट एग्रीगेशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन, मल्टी मॉडल फ्रेट ट्रांसपोर्ट, भंडारण एवं वेयर हाउसिंग, वस्तुओं की छंटनी, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, रिपैकेजिंग, टैगिंग, लेबलिंग, वितरण, उपभोक्ताओं को वितरण, कार्गो व कंटेनरों का स्थानांतरण, खुला व बंद भंडारण, नियंत्रित तापमान में भंडारण, कस्टम बोंडेड वेयरहाउस, कंटेनर फ्रेट स्टेशन, कंटेनर टर्मिनल, पार्क के अंदर वस्तुओं को लाने व रखने के लिए सुविधाएं व उपकरण उपलब्ध होंगे। इसके अलावा सड़कें, आंतरिक सार्वजनिक परिवहन, बिजली, ग्रीन बेल्ट, जल वितरण, सीवेज तथा जल निकासी, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व अग्निशमन की भी व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं एमएमएलपी में अतिथि गृह, कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र, पेट्रोल पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, बैंक व प्रशासनिक कार्यालय की भी सुविधा रहेगी।

## यूपी में अगले साल होंगे 24 सार्वजनिक अवकाश, योगी सरकार ने जारी किया आदेश

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अगले वर्ष एक चौथाई अवकाश शनिवार और रविवार को पड़ेंगे। शासन ने वर्ष 2025 के लिए 24 सार्वजनिक अवकाश तय करते हुए उसका आदेश जारी किया है। इसमें से तीन अवकाश शनिवार और तीन रविवार को पड़ेंगे। वहीं, रविवार के ठीक बाद अगले दिन सोमवार को भी चार अवकाश पड़ रहे हैं।

अगले वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, छह अप्रैल को रामनवमी और छह जुलाई को मोहर्रम रविवार के दिन पड़ रहा है। इसी तरह सात जून को बकरीद, नौ अगस्त को रक्षा बंधन, 16 अगस्त को जन्माष्टमी का अवकाश शनिवार को होगा। अगले साल 31 मार्च को ईद-उल-फितर, 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 20 अक्टूबर को दीपावली सोमवार को होगी। ऐसे कई त्योहार आएंगे जिसमें लोगों को लगातार छुट्टी लेने का भी मौका मिलेगा।

### ...तो लगातार चार दिन की छुट्टी

इसमें होलिका दहन 13 मार्च को गुरुवार और होली 14 मार्च को शुक्रवार को है। शनिवार और रविवार के अवकाश को जोड़ दें तो पांच कार्य दिवसों वाले कार्यालयों के कर्मचारियों को लगातार चार दिन की छुट्टी मिलेगी। स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को और जन्माष्टमी 16 अगस्त को शनिवार को पड़ेगी। वहीं, अगले ही दिन रविवार पड़ रहा है। एक अक्टूबर को बुधवार को दशहरा महानवमी, दो अक्टूबर को गुरुवार को गांधी जयंती व विजयदशमी पर अवकाश रहेगा।

### दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज का अवकाश

अगले साल 20 अक्टूबर को दीपावली, 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर को भैया दूज/ चित्रगुप्त जयंती का अवकाश रहेगा। ऐसे में बीच में केवल 21 अक्टूबर को ही कार्य दिवस रहेगा।

### 25 दिसंबर को अवकाश

इसके अलावा 14 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिवस, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 31 मार्च को ईद-उल-फितर, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, गुरुनानक जयंती /कार्तिक पूर्णिमा पांच नवंबर और क्रिसमस डे का अवकाश 25 दिसंबर को होगा। अगले वर्ष 31 निर्बंधित अवकाशों में से पांच शुक्रवार, चार-चार शनिवार और रविवार को पड़ेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,526.14 |
| निफटी | 24,641.80 |

## कार की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**


मुरादाबाद , मुरादाबाद के पाकबड़ा क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे पाकबड़ा थाने के सामने फ्लाईओवर के पास हुआ। उन्होंने बताया कि रामपुर का रहने वाला एक परिवार राजमार्ग के किनारे खड़ा था, तभी दिल्ली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में फुरकान (28), उसकी पत्नी सीमा (26) और उनकी बेटियों इफ्फत (दो) और रमीशा (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई। सिंह ने बताया कि इसके बाद कार एक अन्य खड़ी गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार का चालक और एक बुजुर्ग यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने परिवार के चार सदस्यों की मौत की पुष्टि की। घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# आंबेडकर और आरक्षण विरोधी है कांग्रेस

## सत्य उजागर होने पर झूठ फैलाना शुरू कर दिया : अमित शाह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर एक बयान ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने संसद में जमकर हंगामा किया। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। अमित शाह के साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, पीयूष गोयल, सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव भी मौजूद रहे। अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में संविधान को स्वीकार करने के 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निमार्ताओं का योगदान और संविधान में प्रस्तावित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन संसद के द्वारा किया गया। उस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव और विकास यात्रा व उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वभाविक है कि जब लोकसभा-राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं तो हर मुद्दे पर लोगों का नजरिया अलग अलग होता है। दलों का नजरिया अलग होता है। लेकिन संसद जैसे देश के लोकतांत्रिक फरोम में जब चर्चा होती है तो इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य के आधार पर होनी चाहिए और बात सत्य के आधार पर होनी चाहिए।



अमित शाह ने कहा कि कल से कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर रखने का प्रयास किया। ये अत्यंत निंदनीय है। ये क्यों हुआ क्योंकि बीजेपी के वक्ताओं ने संविधान पर संविधान की रचना के मूल्यों पर और जब जब कांग्रेस व बीजेपी का शासन रहा तब शासन ने संविधान के मूल्यों का किस तरह से मूल्यांकन, संरक्षण किया और संवर्धन किया इस पर फैक्ट के साथ भारतीय जनता पार्टी के वक्ताओं ने अनेक उदाहरणों के साथ जनता के सामने विषय रखे। उसमें ये तय हो गया कि कांग्रेस आंबेडकर विरोधी पार्टी है। कांग्रेस आरक्षण विरोधी पार्टी है। कांग्रेस संविधान विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने सावरकर का अपमान किया। आपतकाल डाल कर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दी। नारी सम्मान को दरकिनार किया। न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया। सेना के शहीदों का अपमान किया। भारत की धूमि को भी संविधान तोड़कर विदेशी देशों को देने की हिमाकत कांग्रेस शासन में हुई। जब ये पूरा सत्य उजागर हो गया तो कल से कांग्रेस ने फिर एक बार अपनी पुरानी पद्दति को आजमाते हुए बातों को तोड़ मरोड़कर और असत्य को सत्य के कपड़े पहनाकर समाज में अशांति फैलाने का एक प्रयास किया है।

अमित शाह ने कहा कि बाबा साहब के न रहने के बाद भी कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इज्जत नहीं दी। पंडित जी (नेहरू) की कितनी ही किताबों में लिखा है कि उन्होंने कभी बाबा साहब को सही जगह नहीं दी।

**संक्षिप्त समाचार**

### गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए इसी सत्र में सरकर योजनाएं शुरू करे :मायावती

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को विधानसभा के चालू सत्र में कुछ योजनाएं शुरू करनी चाहिए, जिनसे गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहे लोगों को राहत मिल सके। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया,उत्तर प्रदेश में भी गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई आदि से त्रस्त लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिये जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। उन्होंने कहा, इससे इनको कुछ हद तक राहत जरूर मिलेगी। इनकी ओर से पार्टी की यह खास अपील है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में बसपा का सिर्फ एक सदस्य है।

### बीकानेर में भारतीय सेना के प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान बम विस्फोट, दो सैनिकों की मौत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

राजस्थानः बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आज (18 दिसंबर) प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान टैंक में गोला-बारूद लोड करते समय कम से कम दो सैनिकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया, एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा फायरिंग रेंज में इस सप्ताह यह दूसरी घातक घटना है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने कहा, ՙघटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई है और एक घायल है। विस्फोट की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# दिल्ली के बुजुर्गों के लिए केजरीवाल की संजीवनी स्कीम

## 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का मुफ्त होगा इलाज

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, दिल्ली के हमारे सभी बुजुर्गों के लिए खुशखबरी। दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का इलाज मुफ़्त होगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुढ़ापे में एक चीज सभी को तकलीफ देती है। जैसे जैसे उम्र बढ़ती है वैसे वैसे 100 बीमारियां आदमी को आकर घेर लेती हैं। सबसे बड़ी चिंता इलाद की होती है। ऐसे लोगों को भी जानता हूं जो अच्छे खासे परिवार से आते हैं। लेकिन उनके बच्चे उनका ख्याल नहीं रखते हैं। बुढ़ापे में मैंने अच्छे अच्छे परिवार के मां-बाप, बुजुर्गों को तड़पते देखा है। मां-बाप को उनके बच्चों ने छोड़ दिया। लेकिन आप चिंता मत करना आपका ये बेटा अभी जिंदा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रामायण में एक कहानी पढ़ते हैं न जब लक्ष्मण मूर्छित हुए थे तो हनुमान जी उनके लिए संजीवनी बूटी लेकर आए थे। आज दिल्ली के बुजुर्गों के लिए मैं संजीवनी योजना का ऐलान करने जा रहा हूं। आम आदमी पार्टी की यह योजना मुख्य रूप से बुजुर्गों के स्वास्थ्य और पेंशन पर केंद्रित होगी। संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग पेंशन बढ़ाई जा सकती है।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज मैं देख रहा हूं कि दिल्ली के कोने कोने से सम्मानित बुजुर्ग हमारे बीच आए हुए हैं। आज मैं जो घोषणा करने जा रहा हूं वो शायद भारत के इतिहास में कभी घोषणा नहीं की गई। केजरीवाल ने कहा कि हम बुजुर्गों का बहुत मान सम्मान करते हैं और आपकी वजह से आज हम हैं। देश को आप ही लोगों ने यहां तक पहुंचाया। 24 घंटे मेहनत करके अपने परिवार को पाला और समाज व देश को आगे बढ़ाया। अब बुढ़ापे में हमारा फर्ज बनता है कि हम आपका ख्याल रखें। हमने दिल्ली में श्रवण कुमार से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा शुरू की। इस योजना के तहत अब तक एक लाख बुजुर्ग देश के कोने कोने में तीर्थ यात्रा कर चुके हैं। इसमें रामेश्वर, शिरडी, अयोध्या, वृंदावन, अजमेर शरीफ, पूरी, द्वारकाधीश काफी सारे स्थान आते हैं। आप लोग वहां तीर्थ यात्रा करके आए सारा खर्च दिल्ली सरकार देती है।

## बंगाल सरकार गंगा सागर तीर्थयात्रियों के लिए पुल बनाने पर 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी: ममता

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार गंगासागर वार्षिक मेला आयोजन स्थल पर मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाली एक नदी पर पांच किलोमीटर लंबा पुल बनाएगी। बनर्जी ने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में उनकी बार-बार की गई अपील पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार लेन वाले पुल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। बनर्जी ने प्रस्तावित पुल का नाम ह्यगंगासागर सेतुह्व रखा और कहा कि राज्य इसके निर्माण पर 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगा, जिसकी निविदा जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमने केंद्र सरकार से बार-बार पुल के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए, हमने इसे खुद बनाने का फैसला किया है। अपेक्षित सर्वेक्षण किया गया और परियोजना के लिए डीपीआर तथा निविदा पूरी हो गई। इसे बनाने में चार साल और लग सकते हैं।

## सरकार ने विजय माल्या और नीरव मोदी से वसूले 22,000 करोड़ : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुलासा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आर्थिक अपराधियों से निपटने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए पीड़ितों और सही दावेदारों को 22,280 करोड़ रुपये की संपत्ति सफलतापूर्वक बहाल की है। अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर बहस के दौरान लोकसभा में बोलते हुए, सीतारमण ने हाल के वर्षों में गलत तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को वापस लाने और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और धोखाधड़ी करने वाले निवेशकों को वापस करने के लिए ईडी द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रमुख मामलों में से, ईडी ने भगोड़े व्यवसायी विजय माल्या से संबंधित 14,131.6




करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की है, जिसे बाद में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बहाल कर दिया गया था। इसी तरह, नीरव मोदी मामले से 1,052.58 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक और निजी दोनों बैंकों को वापस सौंप दी गई। मेहुल चोकसी के मामले में ईडी ने 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं, जिन्हें अब नीलाम करने की तैयारी है। सीतारमण ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) घोटाले से 17.47 करोड़ रुपये की संपत्ति की वसूली का भी उल्लेख किया, जिसे योजना द्वारा धोखा दिए गए वास्तविक निवेशकों को वापस कर दिया गया था।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) पर, ईडी ने प्रमुख मामलों से कम से कम 22,280 करोड़ रुपये की संपत्तियों को सफलतापूर्वक बहाल किया है। हमने किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा है, भले ही वे देश छोड़कर भाग गए हों। हम उनके पीछे पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने यह पैसा इकट्ठा कर लिया है और सुनिश्चित किया है कि इसे बैंकों को वापस दिया जाए। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में आर्थिक अपराधों के खिलाफ सरकार के अडिग रुख को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि लड़ाई जोश के साथ जारी रहेगी।

# उत्तर प्रदेश के आधे से अधिक जिलों में बिजली सप्लाई निजी हाथों में जाएगी

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बिजली विभाग के कर्मचारियों के विरोध के बीच प्रदेश की विद्युत वितरण व्यवस्था निजी हाथों में देने के लिये बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रही है। योगी सरकार ने इस ओर आगे कदम बढ़ाना जारी रखा तो सबसे पहले प्रदेश के 42 जिलों कि विद्युत व्यवस्था निजी आपरेटरों के हाथों में चली जायेगी। सरकार यह फैसला लगातार जारी लाइन लॉस और बिजली विभाग के बढ़ते घाटे को ध्यान में रखकर लिया है। जिसके लिये नियम कायदे भी तय किये जा रहे हैं। सबसे पहले दक्षिणांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के बाद दोनों डिस्कॉम में कार्यरत अभियंताओं और कर्मियों को तत्काल निजी कंपनी से छुटकारा नहीं मिलेगा। एक वर्ष तक



सभी को निजी कंपनी में ही काम करना होगा। दूसरे वर्ष में भी सिर्फ एक-तिहाई ही पावर कारपोरेशन के अन्य डिस्कॉम में जा सकेंगे। आउटसोर्स कार्मिकों की भी मौजूदा अनुबंध की अवधि तक ही निजी कंपनी में कुर्सी सलामत रहेगी। अनुबंध की समाप्ति के बाद निजी कंपनी ही तय करेगी किसे बनाए रखना है और किसकी छुट्टी करनी है।

पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने बढ़ते घाटे के मद्देनजर पहले-पहल जिन दो डिस्कॉम पूर्वांचल और दक्षिणांचल की बिजली व्यवस्था पीपीपी मॉडल पर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी में है उनमें 42 जिलों के लगभग 1.71 करोड़ उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 16 हजार नियमित अभियंता व अन्य के साथ ही 44 हजार संविदा कर्मी दोनों डिस्कॉम में कार्यरत हैं। पीपीपी मॉडल में दोनों डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने पर अपने भविष्य को लेकर चिंतित इंजीनियर व अन्य कार्मिक निजीकरण का लगातार विरोध कर रहे हैं। हालांकि, कारपोरेशन प्रबंधन का दावा है कि निजीकरण में तीन विकल्पों के माध्यम से सभी इंजीनियर व कार्मिकों के हित सुरक्षित रहेंगे और संविदा कर्मियों को नहीं हटाया जाएगा।

ध्यान देने वाली बात यह है कि निजी सहभागिता से बिजली आपूर्ति संबंधी फैसला अंडमान विद्युत वितरण निगम के आरएफपी (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) के आधार पर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए हैं जिस आरएफपी को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली एनर्जी टास्कफोर्स/इंपावर्ड कमेटी ने मंजूर किया है उसमें मौजूदा अभियंताओं व कार्मिकों को एक वर्ष तक किसी भी विकल्प का लाभ नहीं मिलेगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर सरोजनीनगर में दिखा आक्रोश : विधायक के आह्वान पर उमड़ा जन सैलाब

## बांग्लादेश हिंसा के खिलाफ सड़क पर उतरा सरोजनीनगर : हजारों समर्थकों के साथ, विधायक राजेश्वर ने निकाली संकल्प यात्रा

**उद्वेलित हुआ लखनऊ : सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की हिंदू रक्षा संकल्प यात्रा में जुटी हजारों की भीड़**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। हर दिशा में लहराते भगवा ध्वज, भारत माता की जय, वन्दे मातरम्-और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता हुआ आसमान और हर तरफ से उमड़ रही हजारों की विशाल भीड़। यह अभूतपूर्व दृश्य था सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित हिंदू रक्षा संकल्प यात्रा के दौरान तेलीबाग बाजार का। बुधवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध हिन्दू रक्षा संकल्प यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा को केवल सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं लखनऊ के अलग -अलग क्षेत्रों से भी प्रचंड जन समर्थन मिला। 10 हजार से अधिक समर्थकों के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह ने तेलीबाग स्थित वरदानी हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर यात्रा की शुरूआत की। पूरी यात्रा के दौरान ढोल, नगाड़े और संख की धुनों के बीच विधायक प्रचंड जनसमूह का उत्सावर्धन करते नजर आये। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन से पूर्व बांग्लादेश में इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की घटना की कड़ी निंदा की जिसका समर्थन उपस्थित जनता ने भी किया।

करीब एक किलोमीटर लम्बी पदयात्रा के अंत में शनि मंदिर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, आज पूरे देश में आवाज जा रही है, कि सरोजनीनगर की जनता अन्याय के खिलाफ खड़ी हुई है। आज समय चुप रहने का नहीं है, हर व्यक्ति को आवाज उठानी है। विधायक ने बताया वर्ष 1947 में बाग्लादेश में हिंदुओं की आबादी 22% थी जो अब घटकर 7% पर आ गयी है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भी भारत के करीब 4 हजार वीर सैनिकों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया।बांग्लादेश में 5 अगस्त से लगातार हमले हो रहे हैं। अब तक 2000 से ज्यादा घटनाएं घटीं, हिन्दुओं के घरों को जलाया जा रहा है, माँ बहनों की आबरू पर वार किया जा रहा है, मंदिरों को तोडा और लूटा जा रहा है। साधु संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है और उस से बड़ी बात



उन्हें वकील तक नहीं मिल रहे हैं।

सरोजनीनगर विधायक ने सरोजनी नगर की जनता की ओर से भारत सरकार से अवैध बांग्लादेशियों को बाहर निकालने, बांग्लादेश के विरुद्ध कड़े प्रतिबन्ध लगाने का आग्रह किया। विधायक ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हिंदुओं की स्थित और महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा आज अफगानिस्तान में लड़कियों को शिक्षा और रोजगार तक से वंचित रखा जा रहा है। डॉ. सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, वोट बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस ने शाहबानों केस में सुप्रीम कोर्ट का फैलसा पलटा। ट्रिपल को मान्यता दी जो मुस्लिम महिलाओं के शोषण का माध्यम है। डॉ. सिंह ने हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने पर लखनऊ में हुए प्रदर्शनों की निंदा भी की। अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाये जाने की घटना को लेकर डॉ. सिंह ने समाजवादी पार्टी को भी निशाने पर लिया। विधायक ने कहा तुष्टिकरण की राजनीति के लिए 56 निहत्थे कारसेवकों को गोलियों से छलनी किया, आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमें वापस लिए। विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा ये पार्टियाँ अच्छे मुसलामानों को भी राजनीति में आगे नहीं आने देती, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे अपराधियों को आगे बढ़ाती हैं।

डॉ. सिंह ने संभल विषय को उठाते हुए कहा, जो लोग न्यायालय के फैलसे के खिलाफ सड़कों पर आ रहे हैं, पुलिस कर्मियों पर पत्थरबाजी करते हैं, ये विचारधारा देश के लिए खतरनाक है। विधायक ने कश्मीर और केरल के विषयों को भी उठाया। डॉ. सिंह ने कहा 4लाख से अधिक कश्मीरी पंडितों को अपने ही देश में विस्थापित जीवन जीना पड़ रहा। विधायक ने कहा आजादी के बाद केरल में हिन्दुओं की आबादी 16% कम हुई और यूपी में 5% हिन्दू जनसँख्या कम हुई। जनसांख्यिक असंतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए सरोजनी नगर की जनता की तरफ से केंद्र सरकार से मजबूत कानून बनाये जाने का आग्रह किया।

सरोजनीनगर विधायक ने जातिवादी राजनीति करने वाले दलों पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि ये दल हिन्दुओं को जातियों में बाँट कर एक धर्म विशेष को प्रोत्साहन देते हैं, ये समाज और देश की कमजोर करते हैं। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, आज देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 500 वर्षों के संघर्षों के उपरान्त भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है।विधायक ने योगी के नारे बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे का समर्थन करते हुए कहा तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दलों से दूर रहने का आग्रह किया। अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं, स्थानीय जनता.आरडब्लूए और साथ जुड़े संगठनों का भी आभार व्यक्त किया।

# काकोरी में बाघ का खौफ, दहाड़ से कांप रहे लोग!

## रहमानखेड़ा के आसपास करीब 15 गांव और हजारों की आबादी डरी-सहमी

**एक दर्जन कैमरे, एक ड्रोन कैमरा और थर्मल कैमरा भी नहीं कर पा रहे ट्रेस**

**मीठेनगर के ग्रामीणों का कहना, मिलिट्री-सेना टीम की लेनी चाहिये मदद**

**श्रमिक-मजदूरों का कामकाज ठप, बच्चों के स्कूल बंद, खेत-खलिहान राम भरोसे**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। जंगल में चहल कदमी करते बाघ की तस्वीर सामने आने के बाद वन विभाग की बेचैनी बढ़ गई है। अभी तक पग चिह्नों के पीछे दौड़ रही थी वन विभाग टीम लेकिन तस्वीर आने के बाद जंगल में कांबिंग करते नजर आई वन विभाग टीम।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव अनुराधा वैमोरी ने रहमानखेड़ा के जंगल में जांच पड़ताल की और दिशा निर्देश दिए। भरोसा दिया कि वन विभाग की विशेषज्ञ टीम जल्द बाघ को पकड़ने में कामयाब होगी। मंगलवार की सुबह कटौली गांव में किसान ने बाघ को खेत मे टहलता देख ग्रामीणों को सूचना दी। वन विभाग की सूचना पर अपर मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह और डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की टीम के साथ पगचिन्हों की जांच पड़ताल की।

### तीन गांव में नए पगचिन्ह मिले

मंगलवार की सुबह कटौली गांव निवासी जगलाल और संतोष ने गेहूं के खेत में बाघ को टहलते देखा। बाघ को देखकर जगलाल घबरा गया और खेत में बनी झोपड़ी में चला गया। संतोष ने ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण पगचिन्हों को देखकर घबरा गए। जंगल से दो किमी दूर बनियाखेड़ा और मलहा गांव में भी बाघ के पगचिन्ह मिले। बाघ की आहट से अब तक लगभग 15 गांव



बाघ के लिये लगाया इतना छोटा पिंजरा...!

के पचास हजार से ज्यादा ग्रामीण दहशत में हैं। डीएफओ ने बताया कि दो नई टीम बनाकर क्षेत्र में निगरानी की जा रही है। कटौली और मलहा गांव में डब्लूटीआई की टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे से लगभग दस किमी के क्षेत्र में पगचिन्हों का निरीक्षण किया। अब पांच टीमें जंगल सहित आसपास के क्षेत्रों में निगरानी कर रही है। बाघ की गतिविधियां लगभग बीस किमी के दायरे में बढ़ गयी है। वहीं गांव के कुछ लोगों ने तो यह भी बताया कि जिस हलुवापुर में बाघ ने नीलगाय को मारा था, वहां तो दहशत का आलम यह है कि न तो कोई शाम होते ही घरों से बाहर निकलता है बल्कि वहां स्थानीय स्कूल भी पूरी तरह बंद हैं। यहां तक रोजाना गांव से जो मजदूर व श्रमिक कामकाज की तलाश में राजधानी लखनऊ, काकोरी, मलिहाबाद आदि कस्बाई एरिया में आते-जाते हैं, उनका भी जीविकोपार्जन पूरी तरह ठंडा पड़ा हुआ है।

### ऐसे में वन विभाग को तो बिना समय गंवाये मिलिट्री या फिर सेना टीम की मदद लेनी चाहिये।

डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि हलवापुर में रमेश मिश्रा की बाग में मृत मिले नीलगाय के बच्चे का शिकार हिंसक जानवर ने किया था। बाघ ने नीलगाय के बचे हिस्से को नहीं खाया है

### बाघ ने नीलगाय के बच्चे का शिकार कर नहीं खाया मांस

डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि हलवापुर में किसान रमेश मिश्रा की बाग में मृत मिले नीलगाय के बच्चे का शिकार हिंसक जानवर ने किया था। मंगलवार की सुबह नीलगाय के शरीर के कुछ हिस्से को जंगली जानवर और कुत्ते नोंच ले गए। बाघ ने नीलगाय के बचे हिस्से को नही खाया है। बुधवार शाम तक का अपडेट देते हुए बताया कि वो अपनी टीम के साथ खुद अभी भी बाघ के पगचिन्हों को लोकेट करने में लगे हुए हैं, अंदेशा जाहिर किया कि बाघ का मूवमेंट सीतापुर की तरफ हो सकता है।

### 500 एकड़ में जंगल, लंगूर, बंदर, जंगली सूअर, नीलगाय, खरगोश...!

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार चूंकि रहमानखेड़ा का जो जंगली क्षेत्र है वो तकरीबन लखनऊ रहीमाबाद, काकोरी से लेकर तकरीबन 500 एकड़ में फैला हुआ है जिसकी पहुंच लखीमपुर खीरी तक है। इसमें बड़ी मात्रा में लंगूर, बंदर, जंगली सूअर, नीलगाय व खरगोश आदि मिलते हैं जोकि बाघ जैसे बड़े जानवर का आसान से शिकार बन जाते हैं, और शायद यही सबसे बड़ी वजह है कि जहां-तहां भटक रहा बाघ अपने लिये खतरा होने के बावजूद खानपान की सुलभता, पानी, धूप व छांव की प्रचुरता और एक बड़ा हरा-भरा झाड़ वाला जंगली इलाका होने के नाते रहमानखेड़ा को नहीं छोड़ पा रहा है

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान का बेटा लापता

**फूफा के घर रहकर करता था पढ़ाई**

**अमन लेखनी समाचार**

बंथरा। बंथरा के गढ़ी चुनौटी में (23) वर्षीय छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से कोचिंग बताकर घर से निकला था वहीं से अभी तक वापस नहीं लौट ।पीड़ित पिता व फूफा ने थाने में छात्र को घर से कोचिंग जाने की जानकारी देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई।

मूल रूप से ग्राम पूरे त्रिलोक सिंह पोस्ट केवलपुर बरेथा जगतपुर जनपद रायबरेली का रहने वाला छात्र आशुतोष सिंह अपने फूफा के घर लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के गढ़ी चुनौटी गांव में रहकर पढ़ाई करता था। छात्र के फूफा शिवशंकर सिंह ने बताया कि मंगलवार को करीब साढ़े 11 बजे घर पर कोचिंग जाने की बात बताकर घर से गया था। काफी देर तक घर न आने पर घर वालों ने छात्र के फोन पर संपर्क किया तो किसी ने फोन उठाया



लेकिन कोई जवाब नहीं दिया जबकि शाम करीब 5 बजे तक उसके मोबाइल का डाटा ऑन था उसके बाद फोन स्विच ऑफ बताने लगा। परिवार के लोगों ने गांव और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, यहां तक की अपनी रिश्तेदारी में भी उसके बारे में जानकारी ली लेकिन छात्र का कहीं कुछ पता नहीं चला। जिससे परिवार व रिश्तेदार काफी परेशान हैं लगातार आशुतोष की तलाश करने में लगे हुए है। उधर पुलिस ने शिवशंकर सिंह की सूचना के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

# रेप के आरोप में घिरे एसीपी मोहसिन खान की मुश्किलें बढ़ी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। आईआईटी कानपुर की छात्रा से रेप के आरोपों में घिरे एसीपी मोहसिन खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. एक तरफ आरोप लगाने वाली पीएचडी छात्रा ने कोर्ट में अपने बयान दर्ज करा दिए हैं. बताया जा रहा है कि पीड़िता अपने बयान पर कायम है. वहीं, दूसरी तरफ एसीपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हिंदूवादी संगठन के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है.

उन्होंने एफआईआर दर्ज होने के तीन-चार दिन बाद भी एसीपी की गिरफ्तारी ना होने पर नाराजगी जताई. इसको लेकर बजरंग दल और अन्य संगठनों ने बीते दिन कमिश्नर ऑफिस पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और कमिश्नर को एक ज्ञापन भी सौंपा. हालांकि, इस दौरान उनकी अधिकारी हल्की बहस भी हो गई.

बता दें कि सोमवार को पूर्व बजरंग दल अध्यक्ष कृष्णा तिवारी अपने



दर्जनों समर्थकों के साथ पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे. जहां उन्होंने ककळ छात्रा के साथ शादी के नाम पर रेप करने के आरोपी एसीपी कलेक्टर गंज रहे मोहसिन खान की गिरफ्तारी को लेकर कमिश्नर को ज्ञापन दिया. इस दौरान हिंदूवादी संगठन के लोगों ने आरोपी मोहसिन खान की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग की. उनका कहना था कि इस मामले में अगर कोई आम आदमी फंसा होता तो अबतक उसकी गिरफ्तारी हो जाती, लेकिन आरोपी एक एसीपी है इसलिए उसपर एक्शन लेने में ढिलाई बरती जा रही है. अधिकारियों द्वारा केवल जांच-पड़ताल की बात कही जा रही है.

मामले में बजरंग दल के कृष्णा तिवारी ने कहा- 'एसीपी मोहसिन खान ने लव जिहाद फैलाया है. एक दलित छात्रा को शादी के नाम पर अपनी हवस का शिकार बनाया है. फिर भी उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है, जबकि आम लोगों की तत्काल गिरफ्तारी हो जाती है. अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो हम सड़कों पर उतर के आंदोलन करेंगे.' प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कानपुर ककळ की 26 वर्षीय छात्रा से रेप के आरोपी मोहसिन खान लखनऊ के रहने वाले हैं. मोहसिन साल 2015 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं. ट्रांसफर के बाद कानपुर आने पर उनको थाना कलेक्टरगंज और साइबर क्राइम सेल का जिम्मा सौंपा गया था. इस बीच उन्होंने विभाग से इजाजत लेकर साइबर क्राइम, इंवेस्टिगेशन एंड क्रिमिनोलॉजी सब्जेक्ट पर कानपुर ककळ में पीएचडी शुरू की थी. जहां मोहसिन की पीड़िता से मुलाकात हुई. आरोप है कि कुछ ही दिनों में दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी जिसके बाद मोहसिन ने छात्रा को झांसे में लेकर उसका शोषण किया. जब छात्रा को मोहसिन की असलियत पता लगी तो उसने पुलिस और आईआईटी मैनेजमेंट से इसकी शिकायत की. मैनेजमेंट के दखल के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की. छात्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोहसिन खान ने खुद को अविवाहित बताकर उसके साथ नजदीकी बढ़ाई, फिर शादी का झांसा देकर संबंध बनाए. जबकि, मोहसिन पहले से शादीशुदा थे. बवाल बढ़ने पर गुरुवार की रात एसीपी मोहसिन खान के खिलाफ रेप समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई. साथ ही आरोपी एसीपी को कानपुर से लखनऊ पुलिस मुख्यालय अटैच कर दिया गया. जांच के लिए एक एसआईटी भी गठित की गई है, जिसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल है.

# सड़क किनारे रखे ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर वायर चोरी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। एक गांव से बेखौफ चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल व कॉपर वायर चोरी कर फरार हो गए। जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे अवर अभियंता ने जांच-पड़ताल कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद कटौली में हरदोई लखनऊ हाईवे के किनारे रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर से मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर से पाइप के जरिए करीब 400 लीटर तेल और उसमें लगा कॉपर तार सहित अन्य सामान चोरी कर ट्रांसफार्मर को वहीं नीचे धकेल कर शातिर चोर फरार हो गए। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों को तब हुई जब विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। बुधवार सुबह जानकारी जुटाने पर पता चला कि अज्ञात कुछ लोग देर रात में



तेल चोरी कर ट्रांसफार्मर को नीचे धकेला – फोटो

ट्रांसफार्मर से तेल व अन्य समान चोरी करके फरार हो गए हैं। जानकारी होने पर मलिहाबाद तहसील पावर हाउस. चांदपुर फीडर अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जांच-पड़ताल की। जिसके बाद रहीमाबाद थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी प्रकार नौ माह पहले भी बीते 29 मार्च को इसी गांव में इसी ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों ने करीब 400 लीटर तेल चोरी कर फरार हो गए थे। जिसमें पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया था। लेकिन अभी तक पुलिस ने चोरों को भी नहीं तलाश कर सकी थी। वहीं उसके बाद चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दोबारा मंगलवार को दूसरी घटना को भी अंजाम दे दिया। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग अवर अभियंता द्वारा तहरीर मिली है.जांच की जा रही जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेसर्स बांके बिहारी इंफ्राप्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।मेसर्स बांके बिहारी इंफ्राप्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के अतिरिक्त निदेशक ने कम्पनी के नाम मोहनलालगंज में स्थित बेशकीमती जमीन बेचने के लिये अपनी ही कम्पनी के निदेशक पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर नकली हस्ताक्षर बनाकर अतिरिक्त ? निदेशक के पद से हटाने का आरोप लगाते हुये मोहनलालगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है ।पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी निदेशक पर धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है ।दिल्ली के जंगपुरा एक्सटेंशन निवासी अजय कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाया था कम्पनी के दूसरे निदेशक अमित अग्रवाल ने उनकी जानकारी और अनुमति के बिना फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कंपनी के अतिरिक्त निदेशक पद से हटा दिया ।ये सब अमित अग्रवाल ने कम्पनी की मोहनलालगंज के मऊ में हाइवे किनारे स्थित बेशकीमती जमीन को बेचने के लिये किया था ।अजय कुमार अग्रवाल ने दावा किया कि 2 सितंबर 2016 को आयोजित बोर्ड बैठक का प्रस्ताव मनगढ़ंत था, जिसमें उन्हें निदेशक पद से हटाने का फैसला किया गया था। वे कहते हैं कि इस बैठक की कोई सूचना उन्हें नहीं दी गई थी, और बैठक की तिथि भी फर्जी तरीके से बदल दी गई थी। इसके अलावा, वे यह भी आरोप लगाते हैं कि अमित अग्रवाल द्वारा कंपनी की संपत्तियों की बिक्री के लिए भी जाली दस्तावेज तैयार किए गए हैं ।अजय कुमार अग्रवाल ने लखनऊ पुलिस आयुक्त से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर अमित अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों के तहत कार्रवाई समेत गिरफ्तारी की मांग करते हुये संपत्तियों के दुरुपयोग को रोके जाने की गुहार लगाई थी ।पुलिस कमिश्नर ने पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही के लिये एसीपी मोहनलालगंज से रिपोट मांगी थी, जांच में आरोप सही पाये पर पुलिस कमिश्नर ने मोहनलालगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये थे ।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी पर धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों को मिली मंजूरी

**किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थायें, कम्पनियाँ, ट्रस्ट उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए होंगे अर्ह**

**विदेशी विश्वविद्यालय के आने से प्रदेश के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा अब मिलेगी सस्ती और सहज – उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय**

**नए विश्वविद्यालयों और विदेशी विश्वविद्यालय के परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा – उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले चार विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इन विधेयकों के तहत राज्य में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को शैक्षिक हब बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा क्षेत्र में यह सुधार राज्य की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। नए विश्वविद्यालयों और विदेशी परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विदेशी विश्वविद्यालय के आने से प्रदेश के छात्रों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा अपने प्रदेश में ही अब सस्ती और सहज मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी तक उत्तर प्रदेश में ही रजिस्टर्ड संस्थायें यहाँ पर विश्वविद्यालय स्थापित कर सकती थी परन्तु अब इस नये संशोधन विधेयक द्वारा किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थायें, कम्पनियाँ, ट्रस्ट जिनका ट्रैक रिकार्ड भी अच्छा हो, उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए अर्ह होगें। यदि यूजीसी द्वारा विदेशी विश्वविद्यालय जिनको उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता दी जाती है तो ऐसी संस्थाये भी उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेगी। यह विधेयक प्रदेश के छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के साथ-साथ स्थानीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार और शोध के अवसरों को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल नए विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुलभ और उन्नत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन-2019) में संशोधन किया गया है।इसके तहत विद्या विश्वविद्यालय मेरठ, विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

# घर के सामने खड़ी ई रिक्शा चोरी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । आशियाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व चोरो ने घर के सामने खड़ी बैटरी रिक्शा चोरी कर लिए जिनकी करतूत सीसी कैमरे में कैद हो गई। आशियाना पुलिस के अनुसार पीड़ित संतोष कुमार पुत्र राधे श्याम निबासी सेक्टर एम 1 आशियाना कॉलोनी ने लिखित शिकायत की है कि बीते 10 दिसम्बर को उसका भाई छोटू शर्मा सहालक का काम निपटाने रिक्शा लेकर सेक्टर आई गया था। रिक्शा घर के बाहर खड़ी कर मकान में ऊपर खाना बनाने के लिए चला गया। अपना काम खत्म कर जब निचे आया तो देखा कि रिक्शा अपने स्थान से गायब था। मकान में लगे सीसी कैमरे की फुटेज देखा गया तो रिक्शा चोरी कर ले जाते फुटेज दिखाई पड़ा। पीड़ित की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने मंगलवार को चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज फुटेज आधार पर चोरो की तलाश में जुटी है।

## संक्षेप

### पुश ट्राली से अप डाउन लाइन रेलवे पुल का किया गया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा मंगलवार शाम गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने पुश ट्राली से अप और डाउन लाइन के रेलवे पुल का निरीक्षण किया। अप लाइन पर जर्जर टर्फ और स्लीपर बदलने की योजना बनाई गई है।इसके लिए पांच हफ्ते का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा।निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने पुल के निचले हिस्से के जर्जर टर्फ देखे।डाउन लाइन के हाल ही में बदले गए टर्फ जगह-जगह गल गए थे। डीआरएम ने इसका मोबाइल से वीडियो और फोटोग्राफी की। डीआरएम ने बताया कि अप लाइन के लिए एचबीम तकनीक के नए टर्फ लगाए जाएंगे। यह तकनीक अधिक टिकाऊ और मजबूत है। ब्लॉक के दौरान यात्री सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा, ताकि ट्रेन संचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।डीआरएम ने पुल की मजबूती की तारीफ की। 116 साल पुराने इस रेलवे पुल की संरचना अभी भी मजबूत है, और फिलहाल नए पुल की जरूरत नहीं है। डीआरएम ने बताया कि अप लाइन के स्लीपर और टर्फ बदलने के लिए 40 दिन का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान 12 घंटे काम होगा और 12 घंटे ट्रेनें चलेंगी। 2016 में मेगा ब्लॉक लेकर डाउन लाइन के टर्फ बदले गए थे। लेकिन आठ साल के भीतर ही वे जर्जर हो गए हैं।अब अप लाइन पर नई तकनीक के टर्फ लगाने की तैयारी है।

### फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जे को क्षेत्राधिकारियों ने हटवाया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।गांधी नगर तिराहा पर लंबे समय से फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा था, जिससे पैदल चलने वालों को काफी परेशानी हो रही थी।सीओ सिटी सोनम सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ कार्रवाई करते हुए शेखपुर नहर तक अवैध कब्जा हटवाया। दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि फुटपाथ खाली रखें और नियमों का पालन करें।अभियान के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने यातायात बाधित करने वाले वाहनों को हटवाया और कई चालान किए। सीओ सिटी ने कहा कि अव्यवस्थित खड़े वाहनों के कारण जाम की समस्या बढ़ रही थी, जिसे सख्ती से हटाया गया।सीओ सिटी ने बताया कि यह अभियान सिर्फ गांधी नगर तिराहा तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में शहर के अन्य इलाकों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी।उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अभियान के अंत में सीओ सिटी सोनम सिंह ने जनता से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि फुटपाथ और सड़कें आम जनता की सुविधा के लिए हैं और उनका सही इस्तेमाल होना चाहिए। नियमों का पालन कर यातायात सुगम बनाने में योगदान दें।

# व्यापार मण्डल ने ज़िले में मौरंग मंडी बनाये जाने की उठाई माँग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के ज़िलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने लगभग एक सैकड़ा मौरंग ट्रेडिंग व्यापारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुँचकर ज़िलाधिकारी संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए दो सूत्रीय माँग रखी जनपद में गदन खेड़ा से कानपुर जाजमऊ के मध्य ट्रांसपोर्ट वाहन ट्रक, डंपर से आने वाली निर्माण सामग्री मौरंग, गिट्टी का व्यापार लगभग 30 वर्षों से मौरंग सप्लायर व्यापारियों के द्वारा जनपद के सभी फुटकर ट्रेडर्स व्यापारियों को माल भेज कर किया जाता रहा है इस व्यापार से जनपद के लगभग हजारो की संख्या में ट्रेडर्स व्यापारियों का व्यापार जुड़ा है

वर्षों से व्याप्त इस व्यापार को खत्म करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परिवहन विभाग, यातायात, व पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मौरंग, गिट्टी के वहनों पर कार्यवाही के नाम पर मंडी में रुकने नहीं दिया जा रहा है इसके कारण पूरे जनपद में इस व्यापार से जुड़े ट्रेडर्स व्यापारियों का व्यापार संकट में आता दिख रहा है इस समस्या को देखते हुए इन व्यापारियों का रोजगार बचाने के लिए व्यापार मण्डल व्यापारी हित में आन्दोलन करने को तैयार है ज़िलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने कहा कि कोई भी व्यापारी नियम का उलंघन नहीं करना चाहता रोड पर व्यापार करने से उनको व्यापार करने में समस्या आती है उन्नाव जनपद मौरंग व्यवसाय का बड़ा क्षेत्र है राजस्व विभाग को इस व्यवसाय से प्रतिदिन लाखों रुपए का राजस्व जाता है व्यापार बचाने के लिए अध्यक्ष ने ज़िलाधिकारी से ज़िले में एक मौरंग मंडी बनाये जाने की माँग करते हुए कहा कि अधिकृत मंडी होने से इसका व्यापार बढ़ेगा और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा साथ में ये भी माँग रखी गई कि जब तक मंडी स्थापित नहीं होती इन व्यापारियों के व्यापार के लिए कोई अस्थाई जगह देकर इन व्यापारियों को व्यापार करने दिया जाये कार्यवाही मंजूर नहीं है इनके रोजगार को समाप्त नहीं किया जा सकता यदि ऐसा किया गया तो व्यापार मण्डल आन्दोलन करने पर मजबूर होगा ट्रेडर्स व्यापारियों की हड़ताल करते हुये हजारो की संख्या में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगा लेकिन व्यापारियों का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ज्ञापन देने में ज़िला महामंत्री मल गुप्ता, निर्भय सिंह,ज़िला उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह,ज़िला संगठन मंत्री बब्लू गुप्ता,अखिल मिश्रा, शिवम्‌ आजाद, विनय त्रिपाठी, पवन तनेजा सहित लगभग एक सैकड़ा ट्रांसपोर्टर,मौरंग सप्लायर, ट्रेडर्स सहित व्यापारी उपस्थिति रहे

## औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में यूनानी विभाग ने की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।औद्योगिक क्षेत्र अक्रमपुर में स्थित एक फैक्ट्री में क्षेत्रीय यूनानी विभाग ने छापेमारी की।यह कार्यवाही तेलंगाना राज्य से प्राप्त शिकायत के बाद की गई, जिसमें कहा गया था कि एक फैक्ट्री में मैन्युफैक्करिंग की जा रही चारमीनार मुन्नका में कुछ आपत्तिजनक सामग्री हो सकती है।इस फैक्ट्री के द्वारा निर्मित मुन्नका तेलंगाना राज्य में सप्लाई की जा रही थी और वहां के अधिकारियों ने यह पाया कि उत्पाद में अनियमितताएं थीं। इसके बाद उन्नाव के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री में छापेमारी की। इस छापेमारी की अगुवाई डॉ. कप्तान सिंह, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी उन्नाव ने की।टीम ने फैक्ट्री में जाकर सैम्पलिंग की प्रक्रिया को अंजाम दिया और नमूनों को जांच के लिए लखनऊ की लैब में भेज दिया।इस दौरान फैक्ट्री के संचालन की स्थिति और उत्पाद की गुणवत्ता की जांच की गई। मिली जानकारी के अनुसार, यह फैक्ट्री विशेष रूप से चारमीनार मुन्नका का उत्पादन करती थी, जिसे तेलंगाना राज्य में बेचा जा रहा था।चारमीनार मुन्नका एक प्रकार का सूखा फल है, जो आमतौर पर आयुर्वेदिक और यूनानी दवाओं में इस्तेमाल होता है। इसके अलावा, इसे खाद्य पदार्थों के रूप में भी उपयोग किया जाता है। हालांकि, तेलंगाना राज्य में शिकायत प्राप्त होने के बाद, यह पाया गया कि मुन्नका में कुछ आपत्तिजनक तत्व हो सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।उन्नाव के अधिकारियों ने सैम्पलिंग प्रक्रिया के दौरान विभिन्न सामग्री की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि उत्पाद में किसी भी प्रकार की मिलावट या किसी भी अपमानजनक तत्व का मिश्रण नहीं था। इसके बाद सैम्पल को लखनऊ की लैब में भेजा गया, जहां उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।फैक्ट्री के मालिकों से पूछताछ की गई, और यूनानी विभाग की टीम ने फैक्ट्री (एम एम फार्मा) को सील कर दिया। यह सुनिश्चित किया गया कि अब तक के उत्पादन और सप्लाई की जांच की जाएगी ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इसमें कोई धोखाधड़ी या मिलावट तो नहीं हुई।

## ठंडक ने पकड़ी तेजी न्यूनतम पारा पहुंचा 8 डिग्री

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।दिसंबर की शुरूआत के साथ उन्नाव में सर्दी का असर तेज हो गया है। बुधवार को जिले में सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे ठंडक और भी बढ़ गई। न्यूनतम तापमान गिरकर आठ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। कोहरे की धुंध ने जनजीवन और परिवहन को प्रभावित किया।घने कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो गई। फोरलेन, नवीन पुल, आजाद मार्ग और हाइवे पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाना पड़ा।इसके बावजूद दृश्यता की कमी के चलते सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया। वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।सर्दी बढ़ने के साथ लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। खासतौर पर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह मौसम स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ा सकता है।चिकित्सकों ने सर्दी-खांसी, बुखार और गले की समस्याओं से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक सर्दी पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में कोहरा और बढ़ेगा, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। विभाग ने सड़क पर वाहन चालकों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।सर्दी के साथ बाजारों में हलचल बढ़ गई है। स्वेटर, जैकेट, ऊनी मफलर, शॉल और रजाइयों की मांग में इजाफा हुआ है। लोग गर्म कपड़े खरीदने के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं।साथ ही चाय, कॉफी और सूप जैसे गर्म पेय पदार्थों की बिक्री भी बढ़ गई है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ भागवत कथा महायज्ञ

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सनातन परिवार सत्संग सेवा समिति, वृंदावन के सहयोग से कायस्थ वेलफेयर सोसाइटी और मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ पावन कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़े हनुमान मंदिर में सुविख्यात कथा प्रवक्ता श्रीधाम वृन्दावन के पूज्य संत श्री राम शरण शास्त्री जी महाराज ने अपने आचार्य मंडल के साथ विधिविधान से पूजन अर्चन कराते हुए स्वयं रथ पर विराजमान होकर गाजे बाजे, ढोल तांसे, बैंड आदि के साथ कलश यात्रा की शुरूआत कराई। बड़ी संख्या में पीतवस्त्रधारी मात्रशातियों, सहयोगियों ने यात्रा में शामिल होकर राधे राधे जयघोष से सबको उत्साहित किया। कलश यात्रा के बीच राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने सबको मंत्रमुग्ध किया।नगर के मुख्य मार्ग से यात्रा का अल्प विश्राम साकेत धाम रामलीला मैदान में हुआ और वहां से बसों और अन्य वाहनों से सभी श्रद्धालु, इब्राहिम बाग स्थित श्री चित्रगुप्त धाम पहुंच कर विशाल पांडाल में बनाये गए दिव्य मंच पर कलशों की स्थापना की तथा भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। संगीत मण्डल ने हनुमान चालीसा का संगीतमय सरस पाठ करने बाद सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। महाराजश्री के व्यासपीठ पर आगमन होते ही भागवत भगवान की आरती के साथ कथा में सुप्रवेश हुआ। महाराजश्री ने भागवत के पहले श्लोक

सच्चिदानन्द रूपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयम नुमः

वासुदेव सुतं देवम कंस चानुर मर्दनम्‌ देवकी परमानंदम कृष्णम्‌ वंदे जगदगुरुमके उच्चारण के साथ

श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर विस्तार से चर्चा की।

श्रीमद् भागवत कथा सुनने से जीव का कल्याण होता है।

भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, राजनीति का ज्ञान होता है.

भागवत कथा को परमात्मा का अक्षर स्वरूप माना जाता है।

भागवत कथा को परमहंसों की संहिता कहा जाता है।

भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है.

भागवत कथा के पाठ के लिए संकल्प लेना होता है.

भागवत कथा का पाठ सात दिन में, सात महीने में, या सात एकादशी में पारण किया जा सकता है। कलश यात्रा, दिवस कथा प्रारंभ और समापन आरती में मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा व उनका परिवार, मुख्य संयोजक पवन निगम, आशीष निगम व उनका परिवार, संरक्षकों नीरज निगम, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ प्रभात सिन्हा, अरविंद श्रीवास्तव, कौशल किशोर यादव, वीरेंद्र सिंह, राम तनेजा, अशोक रस्तोगी, डॉ मनीष सेंगर, राहुल कश्यप, अभिषेक शुक्ला, लक्ष्य निगम, मनीष गुप्ता, महिला मंडल से बबली मिश्रा, रश्मि निगम, रश्मि गुप्ता, अंजू गुप्ता, ममता द्विवेदी, शोभा पाण्डेय, नीलम त्रिपाठी आदि सहित मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम जी ने भाग लिया। कथायज्ञ की भूमिका अशोक रस्तोगी और मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सेंगर ने प्रस्तुत की और महाराजश्री के सचिव आचार्य शिवम मिश्र ने उन्नाव वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार मोक्षदायिनी कथा का श्रवण करने का आवाहन किया।

## धूमधाम से विद्यालय परिसर में मनाया गया वार्षिकोत्सव

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के बारासगवर स्थित दूली खेडा प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बनी चहारदीवारी का उद्घाटन उपजिलाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहुँचे उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह ने बच्चो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा पीएम श्री योजना को प्राथमिक और प्रारंभिक विद्यालयों के लिए जादुई पिटारा है जिसमे प्री-स्कूल शिक्षा में सहायता, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, आउटडोर खेल सामग्री आदि जैसे सभी घटकों को शामिल करके सुसज्जित एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला, प्रयोगशाला,स्मार्ट कक्षाएं, कंप्यूटर लैब आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, कौशल प्रयोगशाला, स्कूल नवोन्मेष परिषद, अच्छी तरह से सुसज्जित खेल सुविधाओं के साथ खेल का मैदान उपलब्ध कराकर कार्यान्वित किया जा रहा है।प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइज़िंग इंडिया (पीएम श्री) योजना, प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने के लिए शुरू की गई एक योजना है ।स्कूल के बच्चो ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम करके सबका मन मोह लिया। जिसमे एकांकी नाटक, सामूहिक गीत ,खेलकूद आदि शामिल रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी, खंड विकास अधिकारी अखिलेश वर्मा, विनोद सिंह,प्रधानाध्यापक अनुराधा सिंह, प्रतिभा पांडेय,वंदना दीक्षित, निशि गुप्ता,मिथिला देवी ,अर्चना देवी, अंशु वर्मा, ग्राम प्रधान श्री कृष्ण यादव,सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण मिली कई खामियां

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। खंड शिक्षा क्षेत्र के फिरोजाबाद प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान जसवंत लोधी की शिकायत पर बीईओ ने निरीक्षण किया जिसमें बच्चों वा अध्यापकों की उपस्थिति से लेकर एम डी एम तक नहीं मिला। जिसकी जांच रिपोर्ट बीएसए को कार्य वाई के लिए पत्र भेजा है। ब्लॉक के फिरोजाबाद प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को ग्राम प्रधान जसवंत लोधी की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी अरुणोदय कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया है जिसमें 10:30 बजे तक प्रधान शिक्षक सोनी सिंह, सहायक अभिमन्यु व शिक्षामित्र सतीश अनुपस्थित मिले विद्यालय में कुछ 32 छात्र पंजीकृत है जिसमें मौके पर पांच छात्र ही मिले एमडीएम में दूध वितरण का दिन था लेकिन मौके पर नहीं था परिसर में पसरी गंदगी को देख करवाई के लिए पत्र बनाकर बीएसए को भेजा बीईओ अरुणोदय कुमार ने बताया की लगातार शिकायतें मिल रही थीं जिस पर उन्होंने निरीक्षण किया था सभी कमियों का लेटर बनाकर बीएसए को कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्टर , एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के कस्बा निवासी मनोज का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक अपने ननिहाल भवलिया में रहता था , जो कल देर शाम लगभग 8 बजे अपने चचरे मामा राजन के साथ लखनऊ जिले के निगोहा कस्बे मोबाइल का चार्जर लेने गया था , देर रात घर वापस आते समय असरेदा कालूखेड़ा मार्ग पर रामपुर मोड़ के पास कालूखेड़ा की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार अभिषेक की घटना स्थल पर ही मौतहो गई वही बाइक चला रहे राजन गंभीर रूप से घयाल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजन घयाल को लखनऊ इलाज के लिये ले गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कोकब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया ।म्रतक चार भाई बहन जिसमें पूजा 22 वर्ष , आदर्श 18 वर्ष , आकाश 14 वर्ष वो दूसरे नम्बर का था ।म्रतक की माँ मिथलेश तथा परिजनों का रो रो बुरा हाल है ।थाना प्रभारी विमलकांत गोयल ने बताया कि परिजनो की तहरीर पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है, शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है ।

# विधान सभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं और पुलिस के बीच बुधवार को एक तीखी झड़प हो गई। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेसी कार्यकर्ता लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में रोक लिया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई।कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने लखनऊ में विधानसभा घेराव की घोषणा की थी, जिसके तहत प्रदेशभर से कांग्रेसी कार्यकर्ता लखनऊ की ओर मार्च कर रहे थे। इसी कड़ी में उन्नाव से भी कांग्रेसियों का एक जत्था लखनऊ जा रहा था। लेकिन जैसे ही यह कांग्रेसी कार्यकर्ता उन्नाव शहर में स्थित बड़ा चौराहा पहुंचे, पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस के इस कदम से कांग्रेसियों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पूरी तरह से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने का हक कांग्रेसियों से छीन लिया। त्रिपाठी का कहना था, ₹हम शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा घेराव के लिए जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने हमें जबरदस्ती रोका और हमारा विरोध करने का अधिकार छीन लिया।₹ इस दौरान कांग्रेसी कार्यकताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और धक्कामुक्की हुई।कांग्रेसियों ने बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेसी कार्यकताओं का कहना था कि लोकतंत्र में सरकार का विरोध करना उनका अधिकार है, और पुलिस का यह कदम पूरी तरह से असंवैधानिक है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना किसी कारण के उन्हें रोका और लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन को दबाने की कोशिश की।इस दौरान पुलिस ने कांग्रेसी नेताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति और भी तनावपूर्ण होती चली गई।कांग्रेस कार्यकताओं ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए धरने पर बैठने का फैसला किया।इस बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने के लिए कई बार उन्हें समझाया और तितर-बितर होने की अपील की, लेकिन कांग्रेसियों का विरोध जारी रहा।कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार विरोधी आवाजों को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी बहस चलती रही। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कोशिश की, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार अपनी

## हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला आज से प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।सहर्ष लिंगेश्वर व मोहब्बत शाह की याद में लगने वाला ऐतिहासिक तकिया मेला बृहस्पतिवार से प्रारंभ हो रहा है जो लगभग एक माह तक चलेगा प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि गणों द्वारा पूजा अर्चना कर शुभारंभ करेंगे तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर बना सहर्ष लिंगेश्वर मंदिर व मोहम्मद शाह बाबा की मजार के प्रांगण व भूमि में लगने वाला ऐतिहासिक तकिया मेला प्रशासन की देखरेख में प्रतिवर्ष लगता है जिसमें हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है



बृहस्पतिवार को प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा जहां मोहम्मद शाह की मजार पर विधि विधान के द्वारा चादरपोशी की जाती है वही सहर्ष लिंगेश्वर महादेव मंदिर में हवन पूजन किया जाता है यह मेला लगभग एक माह तक चलता है जिसमें शासन के द्वारा लोकगीत आल्हा कार्यक्रम बच्चों के कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे अनेक कार्यक्रम प्रतिदिन दूर-दूर से दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा कला का प्रदर्शन किया जाता हैं मेला प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था बिजली पानी आदि की सारी व्यवस्था प्रशासन के द्वारा की जाती है वहीं के मेला अधिकारी /उप जिला अधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह है

## लखनऊ जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

### कार्यकताओं ने बोला– हमारी आवाज दबेगी नहीं, हम आगे भी अपनी आवाज उठाते रहेंगे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, कांग्रेस पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर लखनऊ के लिए रवाना हुए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस के अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, कांग्रेस पार्षद मोहम्मद तालिब खान और अन्य नेता मौजूद थे। सभी कांग्रेसियों ने एक होटल में बैठक की और लखनऊ जाने की रणनीति तैयार की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और कांग्रेसियों को होटल से बाहर नहीं जाने दिया। करीब डेढ़ घंटे तक पुलिस ने होटल के बाहर पहरा दिया, जिससे कांग्रेसियों को आगे बढ़ने नहीं दिया गया।पुलिस और कांग्रेसियों के बीच इस दौरान नोकझोंक भी हुई। कांग्रेस पार्षद मोहम्मद तालिब खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर वे लखनऊ जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें होटल में नजरबंद कर दिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने यूपी के सभी जिलों के पदाधिकारियों को लखनऊ में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कहा था।शाहजहांपुर के पदाधिकारी, जैसे कि अशफाक उल्ला खां और मोहम्मद तालिब खान, इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लखनऊ जा रहे थे, जहां वे उत्तर प्रदेश में फैली नफरत और हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए आवाज उठाने वाले थे। अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां ने कहा कि वे लखनऊ में नफरत के खिलाफ और हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए एकजुट होने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने कहा कि ₹हमारी आवाज दबेगी नहीं, हम आगे भी अपनी आवाज उठाते रहेंगे। करीब डेढ़ घंटे की नजरबंदी के बाद पुलिस ने कांग्रेसियों को रिहा कर दिया।

## सम्पादकीय

# ईवीएम की प्रमाणिकता पर रोना बंद करें पार्टियां

कांग्रेस को अपनी सियासत के एजेंडे की समीक्षा करनी चाहिए। सत्ता पाना ही राजनीति का ध्येय नहीं होना चाहिए। देश के लिए राजनीतिक प्रगतिशीलता आवश्यक है। ऐसा माना जाता है कि देश की राजनीति जितनी अधिक दूरदर्शी होगी, राष्ट्र उतनी ही उन्नति करेगा। दुर्भाग्य से कुछ वर्षों से कांग्रेस की राजनीति या तो ठहर सी गई है या फिजूल के मुद्दों पर केंद्रित हो गई है। कांग्रेस की राजनीति ईवीएम, जाति गणना, संविधान, अडाणी आदि ऐसे मुद्दों पर अटक गई है, जिससे आमजन का कोई सरोकार नहीं है। यही कारण है कि इन अनुत्पादक मुद्दों पर कांग्रेस नीत इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दल अलग राय रख रहे हैं। इंडिया ब्लॉक के सहयोगी व जम्मू-कश्मीर में गठबंधन के घटक नेशनल कान्फ्रेंस के नेता व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस से दो टूक कहा है कि कांग्रेस चुनाव परिणाम को स्वीकार कर ईवीएम पर रोना बंद करे। हाल के चुनाव परिणामों में महाराष्ट्र व हरियाणा में कांग्रेस व उसके गठबंधन एमवीए को हार मिली, जबकि जम्मू-कश्मीर व झारखंड में जीत मिली। लेकिन कांग्रेस हरियाणा व महाराष्ट्र में हार के लिए ईवीएम को दोष दे रही है। ठीक उसी समय जम्मू-कश्मीर व झारखंड में जीत को गठबंधन की जीत न मानकर क्रमशः नेशनल कॉन्फ्रेंस व झारखंड मुक्ति मोर्चा की विजय मान रही है। हार व जीत को निरपेक्ष भाव से स्वीकार न कर पाने के चलते कांग्रेस खुद को पराजित ही मान रही है। ईवीएम राग पर कांग्रेस को अपने सहयोगी उमर अब्दुल्ला की बात सुननी चाहिए। कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर तीखी आपत्ति को खारिज करते हुए कहा है कि 'ऐसा नहीं हो सकता कि जब आप चुनाव जीतें तो परिणाम स्वीकार कर लें और जब हार जायें तो ईवीएम पर दोष मढ़ दें। जब इसी ईवीएम के इस्तेमाल से संसद में आपके सौ से अधिक सदस्य पहुंच जाते हैं और आप इसे अपनी पार्टी के लिए जीत का जश्न मनाते हैं, तो आप कुछ महीने बाद पलटकर यह नहीं कह सकते कि हमें ये ईवीएम स्वीकार नहीं हैं।' इससे पहले उमर ने सेंट्रल विस्टा (नया संसद भवन) के मुद्दे पर भी कांग्रेस के विरोध को यह कर खारिज कर दिया था कि कांग्रेस केवल विरोध के लिए नए संसद भवन का विरोध कर रही थी। विरोध में इतना अतिरेक था कि कई कांग्रेस नेता नए संसद भवन में प्रवेश न करने की कसमें खा रहे थे। आज सब सेंट्रल विस्टा जा रहे हैं। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट भविष्य की संसदीय जरूरतों को ध्यान में रखकर प्लान किया गया है। परिसीमन के बाद सांसदों की संख्या बढ़ेगी, पुराने संसद भवन की क्षमता कम है, इसलिए हमें नए संसद भवन की आवश्यकता थी ही। मोदी सरकार ने इससे पहले ही नया भवन तैयार कर दिया। कांग्रेस के हाय-तौबा का कोई मतलब नहीं था। कांग्रेस खुद सरकार में रहती तो नया संसद भवन बनाती। आज अडाणी मुद्दे पर भी इंडिया ब्लॉक के कई सहयोगी कांग्रेस के साथ नहीं हैं। ऐसे ही आज के यूथ को जाति-पाति से कोई मतलब नहीं है, ऐसे में जाति गणना के एजेंडे उन्हें नहीं लुभाते। राहुल गांधी जाति गणना पर अटके रहते हैं। अगर पार्टियों को मतदान तंत्र पर भरोसा नहीं है तो उन्हें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। यदि कांग्रेस को ईवीएम से दिक्कत है, तो उसे लेकर उसका रुख एकसमान रहना चाहिए। जीत व हार दोनों में रुख एक हो। सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग ने ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर संदेह को निराधार पाया है। कांग्रेस को ईवीएम जैसे अटके मुद्दों से बाहर निकलकर जन सरोकार के मसलों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## विजय दिवस

रमेश शर्मा

# तेरह दिन में ही टूट गया था पाकिस्तान

पाकिस्तान कभी भारत का ही हिस्सा था। वहां रहने वाले लोग भी भारतीय पूर्वजों के वंशज हैं । फिर भी वे लोग दिन-रात भारत के विरुद्ध विष वमन और भारत को मिटाने का दंभ भरते हैं। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने जन्म के बाद से ही नहीं, अपितु अपने गर्भकाल से जन्मदाता भारत की धरती पर रक्तपात का षड्यंत्र कर रहा है। पाकिस्तान के इन्हीं षड्यंत्रों का परिणाम था 1971 का युद्ध, जो भारत पर थोपा था। इसी युद्ध में जन्म हुआ था संसार में एक नये देश बांग्लादेश का। लेकिन यह विचारणीय है जिस भारत के जवानों के बलिदान से बांग्लादेशका जन्म हुआ था वही बंगलादेश, पाकिस्तान से मिलकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र कर रहा है । 1971 का वह युद्ध कुल तेरह दिन तक चला था। दुनिया के इतिहास में यह सबसे छोटा निर्णायक युद्ध माना जाता है। इस युद्ध समापन के साथ एक नये देश का उदय हुआ जो बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। बांग्लादेश की धरती भी कभी भारत भूभाग बंगाल प्रांत का अंग रही है। लेकिन 1947 में भारत की धरती के इस हिस्से ने भी भारत से अलग होकर पाकिस्तान का नाम स्वीकार कर लिया था और यह प्रक्षेत्र पूर्वी पाकिस्तान कहलाया। लेकिन भाषा को लेकर मतभेद पहले दिन से था। सल्तनत काल में चले बलपूर्वक धर्मांतरण अभियान में बंगाल के निवासियों की पूजा उपासना पद्धति तो बदल गई थी पर भाषा के प्रति लगाव कम न हुआ। बंगाली समाज ने अपना धर्म और राष्ट्रीयता बदलकर पाकिस्तानी नाम तो स्वीकार कर लिया था लेकिन अपनी मातृभाषा से लगाव न छोड़ा। वे चाहते थे कि उनकी भाषा बंगाली ही रहे। जबकि पाकिस्तानी शासक उनकी यह बंगाली पहचान भी बदलना चाहते थे। पाकिस्तान की सरकार बलपूर्वक उर्दू और अरबी का दबाव बना रहे थे। संघर्ष यहीं से शुरू हुआ। इसको लेकर 1948 से आंदोलन आरंभ हो गये थे, जिसका दमन पाकिस्तान की सरकार और सेना करती रही थी। 1970 आते-आते सैनिकों के जुर्म और बंगालियों का दमन और पलायन दोनों बढ़ गया। 25 मार्च 1971 को बंगला अभियान के नेता शेख मुजीबुर्रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसका भारत ने विरोध जताया और मुक्ति वाहनी को नैतिक समर्थन देने की घोषणा भी कर दी। भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंदोलन को खुला समर्थन दिया और जो लोग भारत आ रहे थे उन्हे भी पर्याप्त संरक्षण दिया। पाकिस्तान ने अपनी समस्या का ठीकरा भारत के सिर फोड़ा और दुनिया में यह प्रचार किया कि भारत अशांति फैला रहा है। इन तमाम कारणों से आरंभ हुए युद्ध की तिथि भले तीन दिसम्बर 1971 मानी जाती हो पर पाकिस्तान ने अपनी ओर से यह युद्ध 25 नवम्बर 1971 को ही आरंभ कर दिया था जब लाहौर में ऐसी ही 'क्रश इंडिया' रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भुट्टो ने बाकायदा युद्ध की घोषणा की थी और उसकी तीनों सेनाओं ने मोर्चाबंदी शुरू कर दी थी। पाकिस्तान ने जहां करांची बंदरगाह पर नौ सेना बेड़े तैनात किये वहीं सीमा पर फौज बढ़ा कर घुसपैठ शुरू कर दी थी। भारत युद्ध तो नहीं चाहता था पर युद्ध से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार था। दूसरी तरफ पाकिस्तान को लगा कि उसकी घुसपैठ सफल हो रही है। इससे उत्साहित होकर उसने दो और तीन दिसम्बर 1971 की रात भारत पर हवाई हमला बोल दिया । इस बमबारी से पूरा भारत सकते में आ गया। तीन दिसम्बर को भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सेना को आदेश दिया कि वह पाकिस्तान को मुंह तोड़ जबाब दे। 15 दिसम्बर को भारत ने ढाका पर आधिपत्य होने की अधिकृत घोषणा की। इसी के साथ वहां तैनात पाकिस्तान कमांडर ने फौज के आत्मसमर्पण का प्रस्ताव दिया जिसे 16 दिसम्बर को माना गया और भारत ने अपनी ओर से युद्ध विराम की घोषणा कर दी । पाकिस्तान का अंग बने बंगाल के निवासियों की सहायता करने में भारत ने अपने लगभग चार हजार सैनिकों का बलिदान दिया। दस हजार से अधिक घायल हुए।



दृष्टिकोण

ओमकार चौधरी

# भारत क्या करेगा बांग्लादेश में?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और दूसरे समुदायों के विरुद्ध जो हिंसा शुरू हुई थी, वह थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ढाका का दौरा किया है। उनकी अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से भी मुलाक़ात हुई। माना जा रहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर निरंतर हो रहे हमलों पर भारत सरकार की चिंता से उन्होंने अवगत कराते हुए कहा कि यह हिंसा जल्दी से जल्दी रुकनी चाहिए। इस्कान से जुड़े हिंदू पुजारी चिन्मय प्रभु दास की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने बात की है, जिसे लेकर भारत चिंतित है। मिस्री के दौरे का फल यह निकला कि दोनों देशों के बीच जो तनाव बढ़ता ही जा रहा था, उसमें कमी देखी जा रही है।

करीब साढ़े चार महीने पहले शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट दिया गया था। शेख हसीना उसी समय से भारत में हैं । बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और दूसरे समुदायों के विरुद्ध जो हिंसा शुरू हुई थी, वह थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ढाका का दौरा किया है। उनकी अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से भी मुलाक़ात हुई। माना जा रहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर निरंतर हो रहे हमलों पर भारत सरकार की चिंता से उन्होंने अवगत कराते हुए कहा कि यह हिंसा जल्दी से जल्दी रुकनी चाहिए। इस्कान से जुड़े हिंदू पुजारी चिन्मय प्रभु दास की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने बात की है, जिसे लेकर भारत चिंतित है। मिस्री के दौरे का फल यह निकला कि दोनों देशों के बीच जो तनाव बढ़ता ही जा रहा था, उसमें कमी देखी जा रही है। सोलह दिसंबर को बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल कोलकाता के दौरे पर आ रहा है। 16 दिसंबर वह तारीख़ है, जब भारत ने 1971 में पाकिस्तानी सेना को हराया था, जिसके बाद बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। यह प्रतिनिधिमंडल पूर्वी कमांड में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। बांग्लादेश न केवल भारत का एक अहम पड़ोसी देश है, बल्कि उसके हमारे साथ सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और ऐतिहासिक रिश्ते भी हैं। 1947 से पहले वह भारत का हिस्सा था। हमारे देश को अंग्रेजी शासन से आजादी विभाजन की बड़ी क़ीमत पर मिली थी । पश्चिमी और पूर्वी दो भागों में पाकिस्तान का निर्माण हुआ था। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में मुक्ति संग्राम छिड़ा, उसमें भारत ने भी बेहद अहम भूमिका निभाई। यह अलग बात है कि नया बांग्लादेश अस्तित्व में आने के बावजूद वहां जमात से लेकर बहुत से कट्टरपंथी संगठन पनपते रहे, जो वहां भी अस्थिरता की वजह बनते रहे और जिसने वहां भारत विरोधी प्रोपेगैंडा जमकर चलाया। ख़ासकर हिंदू अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। यही कारण है कि 1947 में पूर्वी पाकिस्तान में जो पच्चीस प्रतिशत हिंदू हुआ करते थे, उनकी संख्या लगातार घटती गई। आज यह आठ नौ प्रतिशत बची है। यही हाल पाकिस्तान में हुआ है। वहां तो यह संख्या बहुत कम हो चुकी है। अफ़ग़ानिस्तान में तो अब हिंदू-सिख नाम मात्र के ही बचे हैं। उनके धर्म स्थलों को या तो नष्ट कर दिया गया अथवा उन पर कब्जा करके उनका रूप स्वरूप बदल दिया गया।

भारत की यह नीति रही है कि वह दूसरे देशों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता है। कोई देश हमारे अंदरूनी मामलों में दखलांदाजी करे, इसकी भी इजाज़त नहीं देता है। बड़े अफ़सोस की बात यह है कि किसी जमाने में अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के जो अधिकांश हिस्से कभी भारत वर्ष का हिस्सा थे, वहां रह रहे कट्टरपंथी अब भारतीयों-हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा और नफ़रत का सहारा ले रहे हैं । कट्टरपंथी तत्व यह जानते हैं कि भारत किसी देश में सीधे हस्तक्षेप की नीति पर नहीं चलता है जब तक कि उसकी संप्रभुता, एकता अखंडता और नागरिकों की जान-माल पर आँच नहीं आ रही हो। इसका अनुचित फायदा उठाकर ऐसी अवांछित हरकतें और हिंसा वहां की जाती रही है, जिससे भारत के अपने नागरिकों को पीड़ा पहुंचे और यहां की सरकारों को मुश्किलों में डाला जा सके। राजनीतिक कारणों से इस



तरह की हरकतों को वहां की सरकारें भी बढ़ावा देती रही हैं। ऐसे अनेक उदाहरण अतीत में ख़ासकर पाकिस्तान और बांग्लादेश में देखने को मिले हैं। यह सब इसके बावजूद किया जाता है कि भारत संकट के समय हमेशा मदद का हाथ बढ़ाता रहा है। जब से बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट हुआ है, तब से वहां के हालात बहुत पेचीदा हो गए हैं। जमात-ए-इस्लामी, बीएनपी और कुछ उग्रपंथी संगठनों ने जमकर हिंसा की है। जब भी अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरूद्ध की जा रही हिंसा पर सवाल उठाए जाते हैं तब उनका तर्क होता है कि हिंसा शेख हसीना को सपोर्ट करने वालों के विरूद्ध हो रही है। यह पहली बार है, जब पश्चिमी जगत की भी बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो वहां हो रही हिंसा की चर्चा करते हुए यहां तक कहा है कि उनकी सरकार इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। ट्रंप ने कहा है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में यदि हिंदुओं पर हमले होंगे तो वह सहन नहीं करेंगे। उन्हें हर हाल में सुरक्षा दी जाएगी। दरअसल, ट्रंप और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस एक-दूसरे को नापसंद करते हैं । ट्रंप जब हिलेरी क्लिंटन को परास्त कर अपने पहले कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए थे, तब यूनुस पेरिस में थे और उन्होंने उसे अमेरिका के लिए काला दिवस करार दिया था । इसलिए यह मानकर चला जा रहा है कि बीस जनवरी को जैसे ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे, यूनुस की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी । कुछ जानकारों का मानना है कि शेख हसीना सरकार की देर-सवेर बहाली हो जाएगी । भारत ठंडे दिमाग़ से काम ले रहा है और ट्रंप के कार्यभार संभालने की प्रतीक्षा कर रहा है। बांग्लादेश हो, पाकिस्तान हो या अफ़ग़ानिस्तान में घट रही घटनाएं हों, उनका भारत पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यहां उन पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है । मोदी सरकार इन देशों में होने वाली घटनाओं के मद्देनजर सीएए क़ानून भी लेकर आई थी, उसे लागू भी किया जा चुका है। धार्मिक आधार पर यदि हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों के विरूद्ध वहां पक्षपात या अत्याचार होते हैं तो आजादी और विभाजन के पचहत्तर वर्ष बाद भी वह भारत लौट सकते हैं । यहां की नागरिकता हासिल करने के लिए जो शर्तें हैं, उनका पालन कर आवेदन कर सकते हैं। दुनिया में ऐसा मानवीय पहलू वाला क़ानून शायद ही किसी देश में हो । हालांकि इस पर यहां जमकर राजनीति हो चुकी है। कुछ राजनीतिक दल झूठ फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर हिंसा भड़काने की साजिशें भी रच चुके हैं। आश्चर्य का विषय है कि यही राजनीतिक जमात हमास के समर्थन में बयान जारी करता है परंतु जब बांग्लादेश पाकिस्तान अथवा अफ़ग़ानिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमलों की सूचना आती हैं तो चुप्पी साध लेता है । बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने पर भी ये चुप्पी ही साधे हुए हैं। वहां कट्टरपंथी जमातें इस तथ्य से भली-भांति अवगत हैं कि भारत की अपनी राजनीतिक समस्याएं क्या हैं और यहां किस तरह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल तुष्टिकरण की राजनीति में उलझे हुए हैं।

जैसे ही वहां कोई नई घटना घटती है और उसके विजुअल्स सोशल मीडिया में आते हैं, वैसे ही ख़ासकर मोदी और भाजपा समर्थक राष्ट्रवादी अपनी तीखी प्रतिक्रियाएं देना शुरू कर देते हैं। उनका सीधा एक ही सवाल होता है कि हमने क्या इसी दिन के लिए मोदी जी को वोट दिया था? वो बांग्लादेश के हिंदुओं को क्यों नहीं बचा रहे। हमला क्यों नहीं कर रहे। वहां जो दुष्ट हिंसा में लिप्त हैं, उन्हें सबक क्यों नहीं सिखा रहे। ऐसे अति उत्साही और चिंतित लोगों को संभवतः अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की बारीकियों की उतनी समझ नहीं है। उन्हें नहीं पता कि भारत यदि कोई सीधी कार्रवाई करेगा तो उसके किस तरह के नतीजे हो सकते हैं।

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित

दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित

प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एक साथ सभी चुनावों का औचित्य

एक देश एक चुनाव का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, क्योंकि हाल ही में केंद्र सरकार ने एक देश एक चुनाव को मंजूरी दे दी। इसमें लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय, सभी चुनाव लगभग 100 दिनों में कराने का प्रावधान है। इससे पहले रामनाथ कोविंद समिति को भी मंजूरी मिल गई थी। केंद्र सरकार इस बिल को अब जल्द ही संसद में भी पेश कर सकती है। इसे तैयार करने के लिए विभिन्न विशेषज्ञों और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग की सलाह भी ली होगी। इस मुद्दे पर अब फिर से राजनीति शुरू हो जाएगी। हमारे देश की राजनीति अवसरवाद की शिकार हो चुकी है, इसलिए यहां बहुत से राजनेता ही एक साथ चुनाव के लिए रजामंद नहीं होंगे। बहरहाल, लोकतंत्र का आधार ही चुनाव होते हैं। चुनाव प्रक्रिया में अगर कुछ कमियां हों तो उन्हें दूर करना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत होता है। *- विनम कुमार साहू*

## करंट अफेयर

# पाक के कपूर हाउस में राज कपूर की जयंती मनाई गई

पाकिस्तानी सांस्कृतिक और फिल्म प्रेमी बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता एवं अभिनेता राज कपूर की 100वीं जयंती मनाने के लिए शनिवार को पेशावर के 'कपूर हाउस' में इकट्ठा हुए और इस दौरान उन्होंने केक काटकर उनकी जयंती मनाई। आयोजन में शामिल लोगों ने राज कपूर और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार के पैतृक घरों के जीर्णोद्धार के लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित करने की विश्व बैंक की घोषणा का भी स्वागत किया। प्रसिद्ध किस्सा खवानी बाजार के पास स्थित दोनों घरों को पेशावर के भारतीय सिनेमा से गहरे संबंधों के प्रतीक के रूप में माना जाता है।



## ऑफ बीट

# मादक पदार्थ कैप्टागन क्या है, जर्मनी में बनाया गया था

कैप्टागन एक पुराने सिंथेटिक फार्मास्युटिकल उत्प्रेरक का मूल ब्रांड नाम है जिसे 1960 के दशक में जर्मनी में बनाया गया था। यह एम्फ़ैटेमिन और मेथैम्फेटामाइन का एक विकल्प था। उस समय इन दोनों का इस्तेमाल दवा के रूप में किया जाता था। इस दवा में सक्रिय घटक फेनेथिलीन है और शुरुआत में एडीएचडी और नींद की बीमारी नार्कोलेप्सी जैसी स्थितियों के उपचार के लिए इसका इस्तेमाल किया गया। इसका उपयोग कानूनी रूप से उपलब्ध कुछ उत्प्रेरक पदार्थों के समान था, जिनका हम आज भी उपयोग करते हैं जैसे कि डेक्साम्फैटामाइन। कैप्टागन का प्रभाव एम्फ़ैटेमाइन जैसा ही होता है।



## ट्रेंड

### लौह पुरुष को नमन

देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बना रहेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भाजपा ने वादा नहीं निभाया

हाथरस रेप पीड़िता के परिवार को घर में बंद रखना और आरोपियों का खुलेआम घूमना बाबा साहेब के संविधान की मूल भावना के खिलाफ़है। भाजपा सरकार ने पीड़ित परिवार को दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा भी पूरा नहीं किया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### मेरी किताब 'सेव अमेरिका'

क्रिसमस आ रहा है! सबसे आकर्षक उपहार मेरी नई किताब, "सेव अमेरिका" है। कोई अन्य पुस्तक हमारे आंदोलन, हमारे अभियान और हमारे भविष्य पर प्रकाश नहीं डालती।

-डोनाल्ड ट्रम्प, अमेरिकी राष्ट्रपति



### युवाओं की ऊर्जा

जब हम परियोजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में सोचते हैं तो हमारा पहला विचार वर्षों के अनुभव वाले व्यक्ति को ढूंढना होता है। लेकिन हम स्टार्ट-अप युग में हैं जहां युवाओं की ऊर्जा, और नवीनता अनुभव के ज्ञान और ज्ञान के लिए एक योग्य चुनौती है। -अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



संक्षेप

## सुल्तानपुर में महिला की छत से गिरकर मौत

**पति बोला-पी रखी थी शराब, रात को गिरी सुबह परिवार को चला पता**

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में एक महिला की छत से गिरकर मौत हो गई है। पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी ने शराब पी रखा था। रात को वो छत से गिर गई और हम लोगों को सुबह पता चला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे झुरहू के पुरवा की है। गांव निवासी राम स्वरूप निषाद की पत्नी राजकुमारी का शव सोमवार सुबह घर के बाहर पुवाल पर पड़ा पाया गया, तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। इस बीच सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया-पत्नी राजकुमारी की शराब पीने की आदत थी।

रात को भी उसने शराब पी रखा था। वो शराब पीकर किस समय छत पर चढ़ गई हम लोगों को नहीं पता। हम लोग भोजन आदि करके रात को सो गए थे। रात के किसी पहर वो नशे के आलम में छत से पुवाल पर गिर गई। ठंड के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर शव का पंच नामा भर के शव को पोस्टमॉर्टम में भेजा है।

## अंतिम दिन प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा, बांदा के बबेरू कस्बे के नगर पंचायत अध्यक्ष रहे सूर्यपाल सिंह यादव के निधन के बाद निर्वाचन आयोग के द्वारा उप चुनाव कराए जा रहे हैं। जिसको लेकर 17 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा। जिसमें सभी प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूरी तरह से चुनाव प्रचार में ताकत झोंक दिया है। सभी लोग अपने-अपने पक्ष पर मतदान करने को लेकर हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ अंतिम दिन चुनाव प्रचार में डटे रहे। जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बसदेइया यादव के समर्थन में हजारों की संख्या में रोड शो किया गया। इसी तरह भाजपा प्रत्याशी विवेकानंद गुप्ता ने भी अपने समर्थकों के साथ पूरे कस्बे में भ्रमण किया। वहीं आजाद समाज पार्टी से प्रत्याशी फूलचंद सोनी ने भी अपने समर्थकों के साथ कस्बे पर भ्रमण किया। इसके साथ ही साथ कांग्रेस के प्रत्याशी रामनरेश मिश्रा उर्फ रज्जू मिश्रा, निर्दलीय प्रत्याशी रामफल त्यागी, संतोष कुमार कुशवाहा, मोहनलाल धुरिया, शिवप्रसाद वर्मा अरविंद गुप्ता सहित सभी 10 प्रत्याशी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूरी तरह से ताकत झोंक दिया है। पूरे कस्बे में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया है। इस मौके पर रोड शो व नगर भ्रमण जुलूस में प्रत्याशियों के साथ साथ भारी संख्या पुलिस बल एवं अन्य थाना बिसंडा, कमासिन, मार्का, नरैनी, नगर कोतवाली सहित अन्य थानों का फोर्स मौजूद रहा।

# पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को किया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**




बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने छात्राओं और महिलाओ की सुरक्षा स्वावलंबन और सुविधाओ कों ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, सेमिनार और चौपाल लगाकर जागरूक करने का कार्य कर रही है।

मिशन शक्ति के तहत थाना रूपईडीहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कालियापुरवा व रायपुर में महिलाओ व छात्राओं कों उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे में छात्राओं पर हो रहे अपराध के प्रति पम्पलेट वितरण करते हुए अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 एवं साइबर सम्बंधित अपराध के शिकायत के लिए 1930 पर तत्काल सूचना देने की बात कही। ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके। उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने महिलाओ की सुरक्षा हेतु विभिन्न टोलफ्री नम्बर और कानूनी कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रशिक्षु उपनिरीक्षक दीक्षा पटेल, आरक्षी निधि पासवान, राम आशीष वर्मा और ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

# एएसपी ने कस्बा भ्रमण कर हटवाया अतिक्रमण

**अमन लेखनी समाचार/फैजान**



फखरपुर, बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा के नेतृत्व में मंगलवार को कस्बे में ने पैदल गश्त कर आमजन में सुरक्षा के प्रति विश्वास दिलाया। इस दौरान पुलिस ने सड़क पर सजी दुकानों को हटवाया भी। शाम लगभग छह बजे एएसपी की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, थानाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने फखरपुर कस्बा, भिलोरामोंड चौराहा, बाजार, सहित प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त कर व्यवसायियों तथा आमजन की सुरक्षा को लेकर पुलिस के सतर्क होने का संदेश दिया। गश्त के दौरान सड़कों पर जगह-जगह अतिक्रमण देख एएसपी ने नाराजगी जताई और इसे तत्काल हटाए जाने का निर्देश दिया। निर्देश पर पुलिस ने उक्त मार्गों पर अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाया। एएसपी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग है। कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए सभी को पहल करनी होगी। अतिक्रमण की शिकार सड़कों पर सुरक्षित यातायात भला कैसे संभव है। इसके चलते जहां आमजन को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं आए दिन बाइक तथा साइकिल सवार इसके शिकार हो घायल हो रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कस्बे मे पटरियों का अतिक्रमण हटवाया गया गस्त कर सुरक्षा का अहसास कराया गया और गाडियां व संदिग्ध लोगों की जांच की गई।

# अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया बूथों का दौरा



## जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 सुनीता द्वारा प्रा0वि0 बैराकाजी भाग संख्या -195 फार्म -7 विलोपन का स्थलीय सत्यापन किया तथा जनपद में बुधवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत दो लाभार्थियों जरीना व सुखदेई निवासी बैराकाजी को कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैराकाजी में कुल नौ लाभार्थियों को कम्बल का वितरण किया गया। जांच व कम्बल वितरण के दौरान तहसीलदार कैसरगंज अभयराज पाण्डेय, नायब तहसीलदार जरवल पी0पी0 गिरि, नायब तहसीलदार फखरपुर बृजेश व लेखपाल पवन चौहान, ग्राम प्रधान वहीद व समस्त बीएलओ उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सशस्त्र सीमा बल का 61वां स्थापना दिवस

**अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर**



रुपईडीहा, बहराइच। 42वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा सशस्त्र सीमा बल का 61वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमे वाहिनी के समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, बल कार्मिक और परिवारजन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम 42वीं वाहिनी की मुख्य अतिथि संदिक्षा अध्यक्षा प्रमोद कँवर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल से प्राप्त बल के 61वें स्थापना दिवस के बधाई संदेश को सभी कार्मिकों को पढ़कर सुनाया गया। इसके उपरांत 42 वीं वाहिनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बल के कार्मिकों के साथ- साथ परिवारजनों के छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में 42 वीं वाहिनी के जवानों के बीच अंतर समवाय वॉलीबॉल मैच और रस्सा-कसी हुए। 42वीं वाहिनी की संदिक्षा अध्यक्षा प्रमोद कैंवर द्वारा प्रतिभागी विजेताओं का उत्साहवर्धन कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल से प्राप्त जिन कार्मिकों ने प्रशंसनीय कार्य किए गए उनको महानिदेशक सिल्वर डिस्क और प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए उन कार्मिको को वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा उन्हें देकर सम्मानित किया गया, जिससे की वे भविष्य में इसी प्रकार बल की उन्नति एवं प्रगति हेतु कार्यरत रहे। अंत में वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन द्वारा सभी बल कार्मिकों को सशस्त्र सीमा बल के 61 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया

# वृक्षारोपण व वन जीव सुरक्षा को लेकर हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर**



रूपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा रेंज अतुल श्रीवास्तव वन रेंज अधिकारी के दिशा निर्देश एवं उनके कुशल नेतृत्व में वन दरोगा व ग्राम वासियों के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पशु पक्षियों एवं जंगल की रक्षा करने के बारे में बताया गया। वन प्रभाग के अंतर्गत पंडितपुरवा पौधशाला पर वन विभाग के विभिन्न कार्यों माइक्रोप्लान, अग्रिम मृदा कार्य, नर्सरी कार्य, वृक्षारोपण कार्यों, वन व वन्यजीव की सुरक्षा आदि विषयों पर जन प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के साथ गोष्ठी और विभिन्न कार्यों का प्रदर्शन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव नें बताया कि इस वर्ष रूपईडीहा रेंज में 3 लाख पौधों के उगान का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान माधोपुर निदौना घनश्याम यादव, वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर विनय राणा, पूर्व प्रधान राजू, आशा, लाल जी, गोपाल, वन दारोगा अरशद खान, अनंतराम, हरिओम गौतम, वन रक्षक ब्रह्मदेव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। साथ ही वन व वन्यजीव की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सर्वजीत, हजारी, रामनाथ, तारावती, ननका देवी, रेखा देवी, किरण देवी, धनीराम, भूलन, माता प्रसाद आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घूस न मिलने पर लेखपाल ने गिरवाया पीएम आवास

**पीड़ित ने अमेठी तहसील पर किया प्रदर्शन, आरोप- गलत रिपोर्ट लगाकर दी**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला, अमेठी के खाजा गांव के रहने वाले एक युवक ने प्रधानमंत्री आवास के गिराए जाने को लेकर तहसील पहुंचकर जमकर हंगामा किया। युवक का आरोप है कि गांव के लेखपाल ने घूस न मिलने के कारण उसकी आवासीय योजना के मकान की रिपोर्ट गलत लगाई, जिसके चलते प्रशासन ने उसका प्रधानमंत्री आवास तोड़ दिया। यह पूरा मामला खाजा गांव के रंजीत पाल का है, जो आज हाथों में तख्ती-बैनर लेकर अमेठी तहसील पहुंचे और जोर-जोर से चिल्लाते हुए अपनी शिकायत प्रशासन से की। रंजीत पाल का कहना है कि पिछले 10 महीनों से वह अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। युवक के हंगामे की आवाज सुनकर तहसील परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। रंजीत का कहना था कि गांव के लेखपाल ने उसे घूस देने का दबाव डाला, और जब उसने घूस नहीं दी तो उसने उसकी रिपोर्ट में गड़बड़ी की, जिससे प्रशासन ने उसका प्रधानमंत्री आवास गिरवा दिया। रंजीत ने आरोप लगाया कि उसकी आवासीय कॉलोनी बंजर आबादी के रूप में तब्दील की गई थी, जिसमें 25 से 30 परिवार रहते हैं। युवक ने कहा कि कानून के अनुसार, एसडीएम को यह अधिकार है कि वह ऐसे गरीब परिवारों की स्थलीय रिपोर्ट लेकर उन्हें श्रेणी 6 बंजर आबादी में तब्दील करे, लेकिन तहसील प्रशासन ने उसकी निर्मित कॉलोनी को गिरा दिया। इस मामले में रंजीत पाल ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल इस मामले पर एसडीएम ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# डॉ डीके अग्निहोत्री को महर्षि दयानंद सरस्वती एजुकेशन एक्सलेंस अवार्ड

## उपलब्धि से महाविद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**अमन लेखनी समाचार**



हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर स्थित संघटक राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. डीके अग्निहोत्री को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती एजुकेशन एक्सलेंस अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पृथ्वी अभ्योदय एसोसिएशन (ऊन, हिमाचल प्रदेश) और फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पीएएआई एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने एसोसिएशन की उपलब्धियों और किए गए कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की, जिसे सभी शिक्षाविदों ने सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्री अरुण सक्सेना उपस्थित रहे। इसके अलावा स्वामी ओमवेश, प्रो. श्याम बिहारी लाल, पवन सिंह चौहान, डॉ. नीरज कुमार पांडेय (अतिरिक्त सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, बरेली) सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए कुलपति जैसे प्रो. पंकज मिश्रा, प्रो. मोहम्मद आरिफ, प्रो. भानु प्रताप सिंह, डॉ. सोमलाल धीमान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने शिरकत की। इस मौके पर डॉ. वंदना सिंह, प्रवीन कुमार अग्निहोत्री, डॉ. अंजुम कुरैशी, डॉ. प्रीति सारस्वत, डॉ. हर्षदीप सिंह, डॉ. पूनम गोटी, डॉ. मधु वैध सहित कई शिक्षाविदों की उपस्थिति दर्ज की गई। डॉ. डीके अग्निहोत्री की इस उपलब्धि से महाविद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

उनके सम्मान पर सहकर्मियों और छात्रों ने खुशी जाहिर की। इस सम्मान ने क्षेत्र के शैक्षणिक क्षेत्र को एक नई पहचान दिलाई है।

# बांदा में महिला ने जहर खाकर दी जान

**बेटे ने बताया- मानसिक तनाव से जूझ रही थी मां, पहले भी कर चुकी हैं आत्महत्या का प्रयास**

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बांदा जनपद के अतर्रा थाना क्षेत्र के बल्दुबेहना का पुरवा गांव में एक मानसिक रूप से परेशान वृद्ध महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। महिला की पहचान 70 वर्षीय नज्जो पत्नी करीमबक्स के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, और पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नज्जो की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अतर्रा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। इसके बाद महिला को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के बेटे ने बताया कि उनकी मां मानसिक रूप से परेशान रहती थी और इससे पहले भी कई बार उसने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। महिला की मौत की खबर मिलने पर उसके घरवालों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि वह अकेली रहती थी और उन्हें उसकी मानसिक स्थिति के बारे में पता था। महिला के बेटे के मुताबिक, वह हमेशा खाने-पीने और खर्चे के लिए घरवालों से मदद लेती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर परिवार

**अमेठी में कांग्रेस सांसद ने परिवार को भेजी मदद, कांग्रेस नेताओं ने परिवार को सौंपी राहत सामग्री**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला, केंद्र और प्रदेश सरकार जहां गरीबों को छत देने के लिए कई योजनाएं चल रही है, तो वहीं अमेठी में एक गरीब को प्रशासनिक लापरवाही की वजह से छत नहीं नसीब हो रही है। जिस कारण वह गरीब अपने परिवार के साथ भीषण ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। मामला सामने आने के बाद अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने गरीब परिवार को मदद भेजने के साथ ही जल्द ही आवास देने का वादा किया है। सांसद ने पीड़ित परिवार से मोबाइल पर बात भी की है। दरअसल, पूरा मामला मुसाफिरखाना तहसील के सरैया गुनैया गांव का है। जहां के रहने वाले राम खुशियान के पास अपना घर नहीं है। जिस कारण वह अपनी पत्नी कल्पना और दो दूध मुंहे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे छप्पर और पन्नी डालकर रहने को मजबूर है। देर शाम मामला जब मीडिया के माध्यम से सुर्खियों में आया तो तत्काल अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और कांग्रेस नेताओं की एक टीम पीड़ित के घर भेजी। कांग्रेस नेताओं की टीम ने पीड़ित परिवार को खाने पीने के राशन के अलावा ठंड से बचने के लिए कंबलों को सौंपा।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**मानसिक रूप से पीड़ित था, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा**

**अमन लेखनी समाचार**




अमेठी जिला, अमेठी में सुबह रेलवे ट्रैक की तरफ गए बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक के भाई की ढाई महीने पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद मृतक डिप्रेशन में आकर मानसिक रूप से बीमार हो गए। दरअसल, ये पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के मौजमगंज स्थित आरजीपीटीआई के पास का है। जहां आज सुबह पास के गांव के रहने वाला 80 वर्षीय मो नईम रेलवे ट्रैक की तरफ गए थे, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जायस पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे मोहम्मद इबरार ने बताया कि मेरे चाचा की करीब ढाई महीने पहले मौत हो गई थी। अपने भाई की मौत के बाद मेरे पिता डिप्रेसन में चले गए जिसके बाद इनकी मानसिक हालड बिगड़ गई। इनका लगातार इलाज भी चल रहा है।

## संक्षेप

### कार की ठोकर से बाइक पर सवार महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना अंतर्गत क्षेत्र के भीटी रावत हरपुर बुदहट मार्ग पर बाइक पर सवार महिला को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। पति ने कार चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। मिली जानकारी प्रमोद कुमार पुत्र खरीदन निवासी रामपुर गडथौली जो अपनी पत्नी कविता देवी को बाइक से सहजनवा आया था। शाम को 5 बजे के करीब वह पत्नी को बाइक पर बैठकर घर जा रहा था। भीटी रावत के पास अनियंत्रित कार ने बाइक में ठोकर मार दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पति ने कार चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया हैं इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की तहरीर मिली है जांच कराकर केस दर्ज किया जायेगा।

### मेरठ में चोरों ने बनाया जैन मंदिर को निशाना

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के रेलवे रोड थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में अज्ञात चोर मंदिर के दान पत्र का ताला तोड़कर दान पात्र में रखी नकदी चोरी कर ले गए। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलने पर कमेटी के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर एसपी सिटी भारी पुलिस बल के साथ मंदिर पहुंचे और चोरी के बारे में जानकारी लेने के बाद एसपी सिटी ने थाना पुलिस को मंदिर व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर जल्द चोरी की घटना के खुलासे का आदेश दिया। रेलवे रोड पर जैन मंदिर मंदिर में दान पत्र लगा हुआ है। अज्ञात चोरों ने रविवार रात में मंदिर में घुसकर दान पत्र के ताले तोड़कर उसमें मौजूद नकदी को चोरी कर लिया। मंदिर के पुजारी ने मामले की जानकारी कमेटी के लोगों को दी। मंदिर परिसर में चोरी की सूचना मिलने के बाद कमेटी के लोग मंदिर पहुंचे और चोरी की सुचना पुलिस को दी। मंदिर में सूचना मिलने के बाद एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह भारी पुलिस बल के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने घटना के बारे में जानकारी लेने के बाद थाना पुलिस को मंदिर में उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर जल्द चोरी की घटना के खुलासे का आदेश दे दिया।

### मवाना में बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के मवाना के बहसूमा बाईपास पर देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# आबकारी विभाग की टीम ने अमृतानी में अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दी दबिश

## 25 लीटर अवैध कच्ची शराब को बरामद कर मुकदमा किया दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है कुटीर उद्योग के रूप में पनप रहे इस व्यापार को समाप्त करने के लिए समय-समय पर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई भी की जाती है लेकिन अवैध कारोबार में संलिप्त लोग महिलाओं को आगे करके कारोबार को फल फूल रहे हैं आज आबकारी विभाग की टीम ने राजघाट थाना क्षेत्र के अमुतानी में अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश दी तो हड़कंप मच गया टीम ने मौके से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में एक मुकदमा दी पंजीकृत कराया है। अवैध शराब के निर्माण/ बिक्री/ परिवहन /भंडारण के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत उप आबकारी आयुक्त गोरखपुर प्रभार, के आदेश के अनुपालन में बुधवार को जिला आबकारी अधिकारी गोरखपुर के निर्देश के क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -2,एस.एन.वर्मा व क्षेत्र -7, सुधीर कुमार द्वारा मयस्टाफ थाना राजघाट के ग्राम- अमरुतानी में दबिश दी गयी दबिश के दौरान 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 01अभियोग पंजीकृत किया गया।

# प्रशासन ने दोहरे हत्याकांड का किया सफल अनावरण



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के अशोथर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर कौहंन व जरौली गाँव मे विगत दिनों पूर्व एक युवक व युवती के सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने आज खुलासा करते हुए आज पुलिस अधीक्षक ने वारदात सम्बंधित कई राज खोले।

फतेहपुर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि घटना में मृतक युवक आशु सिंह व युवती गौरी के मध्य प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन किसी कारणवश दोनों के संबंध बिगड़ गए थे, जिससे युवक आशु सिंह ने अपनी प्रेमिका गौरी को बुलाकर उसके सीने पर तीन गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्याकांड के बाद वह अपने घर पहुंचा और घटना की जानकारी देते हुए अपने माँ व चाचा को दी पूरी बात बताई। वही आशु के चाचा द्वारा मामले को दबाने की कोशिश की गई। लेकिन इसी बीच आशु भी बाहर जाकर खुद को गोली मार ली। वही उसके चाचा ने मामले को दबाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए उसका तमंचा, व मोबाइल छुपा दिए। जिन्हें बाद में बरामद कर लिया गया है। वहीं दोनों के मध्य प्रेम प्रसंग होने के बाद भी किशोरी की किसी और से फोन पर बात करने को लेकर आशु की उससे बहस हुई थी, आवेश में आकर आशु ने कदम उठाया। वही पुलिस ने आंसू के चाचा झुल्लु सिंह को सबूत मिटाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजने के कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में प्रयुक्त तमंचा, मोबाइल व बाइक भी बरामद की गई है। उपरोक्त घटना का सफल खुलासा में एसओजी टीम, इंटेलिजेंस टीम व थाना पुलिस असोथर के सँयुक्त प्रयास से हुआ।

## इस ठंड में निराश्रितों और दीन दुखियों की सेवा, ईश्वर भक्ति होता है: अमरनाथ यादव



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के बड़गहन गांव में बुधवार को निराश्रितों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि इस भीषण ठंड में दीन दुखियों, असहायों और निराश्रितों की सेवा करना ईश्वर की भक्ति करने के बराबर होता है। इस कार्य में समाज के सभी सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए। आगे अमरनाथ यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष ग्रामसभा में ठंड के मौसम में कंबल वितरण का आयोजन ग्राम प्रधान द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि ग्राम प्रधान बरसाती देवी ने कहा कि मानव सेवा करना सभी लोगों का दायित्व होता है। इस ठंड में असहाय और दीन दुखियों की मदद करना भगवान की सेवा करने के बराबर होता है। इस कंबल वितरण में कुल दो सौ एक कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया।इस दौरान रामपलट, तारकेश्वर, ईश्वरचंद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पीएम श्री चयनित विद्यालयों में मनाया गया भव्य वार्षिकोत्सव

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद में सभी विकास खण्डों अंतर्गत चयनित हुए पीएम श्री प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में वर्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत शिक्षा जगत को उत्कृष्ट योगदान निरंतर प्रदान कर रही प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ब्लॉक प्रमुख शशि रमनजीत सिंह एस आर जी राधेश्याम दीक्षित एल एल एफ मुनीश कुमार आदि लोगों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम अंतर्गत सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना इत्यादि अपने कोकिल कण्ठ से सुना कर अतिथियों समेत अभिभावकों एवं शिक्षकों को भाव विभोर कर दिया वही विद्यालय अंतर्गत वार्षिकोत्सव समारोह में खेलकूद आदि की प्रतियोगिता संपन्न कराई गई बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की सभी प्रतिभागी एवं मेधावी बच्चों को मेडल देकर विद्यालय प्रांगण अंतर्गत पुरस्कार किया गया वही कार्यक्रम के समापन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने आए हुए सभी आगंतुकों एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार प्रकट किया इस मौके पर विद्यालय की अभिभावक संघ अध्यक्ष मिथिलेश कुमारी शिक्षक रविंद्र महेजबीन बृजेंद्र समेत अन्य अभिभावक गण एवं ग्रामवासी भव्य वार्षिकोत्सव का आनंद प्राप्त करते रहे इसी प्रकार अमौली विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय नरैचा में भव्य वर्षिकोत्स धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं बच्चों ने सुंदर-सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिए विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया वहीं विद्यालय की छात्रा ने तिरंगा झुकने नहीं देंगे आदि राष्ट्रगीत गाकर आम जनमानस में जोश भर दिया तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर में मौजूद सभी अभिवावकों एवं शिक्षकों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव विद्यालय के अभिभावक संघ अध्यक्ष रामू पूर्व प्रधान शिव ओम सिंह राम अवतार शिक्षक श्याम जी तिवारी प्रमोद कुमार सुशील कुमार नीरज रमाकांती वंदना समेत सभी अभिभावक एवं ग्रामवासी भारी संख्या में मौजूद रहे

## पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। संतकबीर इंटर मीडिएट कालेज मगहर के पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद रावत ( 95 ) का मंगलवार की रात करीब 8 बजे निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। वे क्षेत्र के ग्राम भीटी रावत निवासी थे। बुधवार को कालेसर स्थित मोक्षधाम में उनका दाह संस्कार कर दिया गया।वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए है। पूर्व प्रधानाचार्य डेढ़ दशक पूर्व वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भीटी रावत चकिया में बूचड़खाने के निर्माण के विरोध में चलाए जा रहे आंदोलन में काफी सक्रिय भूमिका में रहे। मृत्यु का समाचार सुनते ही बुधवार को एक तरफ जहां रेशमा रावत इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अश्वनी प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा कर विद्यालय बंद कर दिया गया। संत कबीर इंटर मीडिएट कालेज मगहर तथा वैदिक धर्म इंटर कालेज डुमरी में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई।क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ल ने मृतक के प्रति शोक संवेदना प्रकट कर परिवार के लोगों को ढाढस बंधाया।इसके अलावा पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत सहित कई शिक्षक ,शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी, न्यायाधीश, अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### ठंड लगने से किसान की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदे रामपुर गांव निवासी 85 वर्षीय बिहारी लाल पटेल पुत्र गंगाराम की ठंड लगने से मौत हो गई मृतक के बेटे शिवाकांत पटेल ने नजदीकी चौकी अमौली में लिखित तहरीर जानकारी के रूप में देते हुए बताया कि 2 दिन पूर्व से बुजुर्ग पिता खेतों में सिंचाई का काम कर रहे थे अचानक ठंड लगने से तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई वही चौकी प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह फतेहपुर रवाना कर दिया गया है रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नाले में गिरकर बुग्गी स्वामी की मौत

- घोड़े की भी जान गई, रविवार से लापता थे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के मोदीनगर में मोदीनगर- निवाड़ी मार्ग पर फॉरेंसिक लैब के निकट नाले में गिरने से घोड़े और बुग्गी स्वामी की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव को नाले से निकालकर परिजन को सूचना दी है। परिजन के अनुरोध करने पर पंचनामा भर पुलिस द्वारा शवों को पोस्टमॉर्टम को भेजा गया है। पानीपत हरियाणा निवासी राकेश कुमार (40) घोड़ा बुग्गी चलाने का काम करते थे।10 दिन पहले घोड़े के साथ मोदीनगर में आया था। कस्बा पतला में वह ईंट के भट्ठे पर ईंटों को भरने का काम करने लगा था। राकेश कुमार रविवार रात से लापता था। भट्ठे पर कार्यरत कर्मियों ने उसका तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग सका। सुबह लापता होने की सूचना निवाड़ी थाना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस के साथ कर्मियों ने तलाश शुरू की। शाम लगभग पांच बजे मोदीनगर-निवाड़ी मार्ग पर फॉरेंसिक लैब के निकट नाले में बुग्गी को देख लोगों को शक हुआ। पुलिस ने पहुंचकर लोगों की मदद से बुग्गी को नाले से बाहर निकाला तो देखा बुग्गी के निकट नाले में घोड़े और बुग्गी के नीचे राकेश कुमार का शव पड़ा था। मामले की सूचना परिजन को दी गई। एसीवी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि नाले के आसपास झाड़ियां है। इसके चलते सुबह से किसी की नजर नाले की तरफ नहीं गई थी। देर शाम घोड़े और राकेश का शव नाले से बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंचे परिजन ने दोनों का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके चलते पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# बुलंदशहर में 20 किलो दूषित पनीर कराया नष्ट

## सिंथेटिक दूध और पनीर के खिलाफ छापेमारी, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक ने की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के खुर्जा क्षेत्र में हाल ही में सिंथेटिक पनीर और दूध बनाने का बड़ा मामला सामने आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूरी तरह सतर्क हो गए हैं।

इस सिलसिले में जहांगीराबाद के गांधी चौक स्थित एक दुकान पर छापा मारा गया, जहां से 15-20 किलो दूषित पनीर बरामद किया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने दूषित पनीर को जंगल के गड्ढे में दबाकर नष्ट कर दिया।

कुछ दिनों पहले खुर्जा क्षेत्र के एक गांव में सैकड़ों किलो सिंथेटिक पनीर और हजारों लीटर सिंथेटिक दूध तैयार करने के लिए केमिकल व अन्य उपकरणों का भंडाफोड़ हुआ था। खाद्य सुरक्षा टीम की इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया था। इसके बाद से ही जिलेभर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगातार छापेमारी कर रहे हैं और अलर्ट मोड पर हैं। जहांगीराबाद में एक युवक ने गांधी चौक स्थित दुकानों पर सिंथेटिक पनीर बेचने की जानकारी फेसबुक पर पोस्ट की थी। इस पोस्ट के सार्वजनिक होते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई दुकानों पर ताले लग गए। खाद्य सुरक्षा टीम ने पोस्ट का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की और शनिवार को दुकान खुलने पर छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक मुनेंद्र पाल राणा ने बताया, सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट के बाद टीम लगातार नजर रखे हुए थी। जैसे ही दुकान खुली, कार्रवाई की गई। करीब 15-20 किलो दूषित पनीर बरामद किया गया। दुकानदार का कहना है कि कई दिनों से दुकान बंद थी, जिसके कारण पनीर खराब हो गया। टीम ने पनीर को नष्ट कर दुकानदार को सख्त चेतावनी दी है।

# बुलंदशहर में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- इनवर्टर बैटरी, ई रिक्शा सहित घटना में प्रयुक्त कार बरामद

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर की स्याना कोतवाली पुलिस ने बीती देर रात चेकिंग अभियान के दौरान चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए इनवर्टर ,बैट्रे, ई-रिक्शा सहित अन्य कीमती सामान बरामद किया। कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि आरोपियों के पास से एक घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद हुई है। आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं। आरोपी देर रात चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। जहां पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी किया गया सामान बरामद किया। नगर में अलग-अलग स्थान पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने नगर में तीन स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। देर रात चेकिंग के दौरान आरोपियों को धर दबोच लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा, एसएसाई छैल बिहारी शर्मा, कस्बा इंचार्ज जितेंद्र सिंह, देवेंद्र नागर, जितेंद्र चिकारा आदि रहे।

## मिट्टी खोदने की शिकायत पर पहुंची पुलिस

### बुलंदशहर में किसान ने दिखाई परमिशन, भाकियू टिकैट गुट ने कोतवाल से मिलकर बताई स्थिति

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के गुलावठी में खनन माफियाओं पर प्रशासन की नजर टेढ़ी देखते हुए पुलिस भी सतर्क है। इसी कड़ी में जब गुलावठी पुलिस को गांव सधारनपुर में मिट्टी खोदने की शिकायत मिली तो पुलिस ने तत्परता दिखाई और मौके पर पहुंचकर मिट्टी खोदने के मामले की जांच की, जिस पर संबंधित किसान ने अपने खेत से जब प्रशासन को मिट्टी खोदने की परमिशन दिखाई तो पुलिस वापस आ गई। इस मामले में आज किसान यूनियन (टिकैट गुट) से संबंधित एक प्रतिनिधि मंडल संबंधित किसान के साथ कोतवाली पहुंचा और कोतवाल को परमिशन दिखाने के साथ-साथ संबंधित किसान ने अपना दुखड़ा भी सुनाया। कोतवाल सुनीता मलिक तत्परता से और विवेकपूर्ण निर्णय ना लेतीं तो ये मामला प्रशासन के मुसीबत का रूप भी ले सकता था। किसान ने पुलिस को बताया कि उसका खेत आसपास से लगे खेतों से लगभग दो-तीन फुट ऊंचा है, जिस कारण वो अपने खेत पर जुताई-बुबाई तक नहीं कर पा रहा है और खेत में ऊपज न होने के कारण लगातार शोचनीय स्थिति होती जा रही है। परमिशन देख कोतवाल सुनीता मलिक ने प्रतिनिधिमंडल को संतुष्ट कर वापस भेज दिया। किसान का कहना है कि खेत नीचा होने पर अब वो अपने खेत में जुताई-बुवाई कर ऊपज पैदा कर सकेगा।

# पुलिस ने उतरवाए धर्मस्थलों के लाउडस्पीकर

## शांति समितियों की बैठकों के बाद लगातार अभियान जारी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में पुलिस धर्मस्थलों के लाउडस्पीकर उतरवा रही है। शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर पुलिस टीमें पहुंची। पहले धर्मस्थलों पर लाउडस्पीकरों की संख्या और आवाज को चैक किया। मानकों के विपरीत लाउडस्पीकर मिलने पर पुलिस ने उन्हें उतरवाना शुरू कर दिया है। लगभग 10 से अधिक धर्मस्थलों पर पुलिस ने लाउडस्पीकर उतरवाए हैं। लगातार अभियान जारी है। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा के निर्देश पर जनपद में दो दिन पहले सभी सीओ ने अपने सर्किल में थानों में धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा धर्मस्थलों पर लगे माइक और लाउडस्पीकर की आवाज परिसर के बाहर नहीं जानी चाहिए। अगर माइक इस्तेमाल करना है तो धीमी आवाज में करें। धर्मगुरुओं ने इस पर सहमति जताई। बावजूद इसके फैसल मस्जिद से रोज सुबह तेज आवाज आती है। इसकी शिकायत भी लोगों ने पुलिस से की थी लगातार लोगों से पुलिस को धर्मस्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों से तेज शोर आने की शिकायतें मिल रही थी। इस शिकायत के आधार पर एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने सभी सीओ को निर्देश दिए हैं कि वे सभी अपने क्षेत्र में तुरंत इस नियम का पालन कराएं। धर्मस्थलों पर जहां भी तेज आवाज में ध्वनि यंत्र सुनाई दे रहे हैं उस पर एक्शन लें।

## निमोनिया की चपेट में आकर ढाई वर्षीय बालिका की मौत

### इलाज के दौरान कानपुर में तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। निमोनिया की चपेट में आने से ढाई वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया है। मृतका मां-बाप की इकलौती संतान थी। कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी कालका प्रसाद यादव की नातिन आन्या ढाई वर्ष मंगलवार को तड़के गंभीर रूप से बीमार हो गई थी। आन्या के पिता भूपेंद्र सिंह यादव उसे इलाज के लिए कानपुर लेकर गए थे। कानपुर में बच्चों के डा. आर एस यादव ने आन्या को देखने के बाद निमोनिया से ग्रसित होने की बात बताकर उपचार शुरू किया था। उपचार के दौरान बुधवार को सुबह करीब 7 बजे आन्या की मौत हो गई। दोपहर में शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका मां-बाप की इकलौती संतान थी। गांव में ही उसका दोपहर बाद अंतिम संस्कार किया गया।

## कैंसर से जूझ रहे पूर्व प्रधान के पिता की ट्रेन से कटकर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे पूर्व प्रधान के पिता की बांदा जाते समय रेलवे स्टेशन में इंटरसिटी से कटकर मौत हो गयी। जीआरपी बांदा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। घटना से परिजनों का अवगत कराया गया है। पचखुरा खुर्द के पूर्व प्रधान जुगल किशोर खंगार के पिता इंद्रपाल खंगार 65 वर्ष कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे थे। बुधवार को यह परिजनों को बांदा जाने की बात कहकर घर से निकले और कस्बे के रेलवे स्टेशन जाकर एक बजे बांदा जाने के लिए टिकट खरीदा। इसके बाद कानपुर से प्रयागराज जा रही इंटरसिटी से कटकर उनकी मौत हो गयी। स्टेशन मास्टर ने घटना से जीआरपी बांदा को अवगत कराया। जीआरपी बांदा ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बांदा भेजा है। स्टेशन मास्टर अमानुउद्दीन ने बताया कि घटना प्लेटफार्म संख्या 3 में हुई है। इंटरसिटी गुजर जाने के बाद घटना का पता चल सका। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गया है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

## जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के संबंध में दिए कड़े निर्देश

### यातायात नियमों का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार






अमेठी जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सभी स्टेक होल्डर्स विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र तथा ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र व ब्लैक स्पॉट पर साइनेज बोर्ड, रबर स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर तथा लाइट आदि लगवाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी सम्बन्धित आधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एआरटीओ तथा पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चला कर यातायात नियमों के संबंध में 03 साल पुराने ई-रिक्शा चालकों के फिटनेस सम्बन्धित कार्य किये जाने, जनसामान्य को जागरूक करने तथा उल्लंघन किए जाने पर चालान आदि तथा नेशनल हाइवे पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सम्बन्धित को आवश्यक कार्य किये जाने एवं विश्वकर्मा पोर्टल पर वर्ष 2023-24 में ब्लैक स्पॉट की सूची पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने टोल प्लाजा पर मूलभूत सुविधाओं का उल्लेख करते हुए मानक स्टैण्डर्ड को पूरा किये जाने के साथ ही अनिवार्य रूप से एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये एवं जनपद के समस्त टेन्ट हाउस के मालिक के साथ सम्बन्धित अधिकारियों को बैठक कर पार्किंग प्लान उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में सड़क के किनारे ट्रक आदि बड़े वाहन न खड़े हो इससे दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक होती हैं, वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा हो जिससे रात्रि में लोगों को वाहन चलाने में सुविधा न हो। वाहन चालकों का समय समय पर नेत्र परीक्षण कराने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं, ट्रिपलिंग ना करें, वाहन तेज गति से ना चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, शराब पीकर वाहन कतई ना चलाएं, रात्रि में आवश्यक हो तो ही वाहन चलाएं मध्य रात्रि में नींद लगने की ज्यादा संभावना रहती है उस समय वाहन ना चलाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दिए गए निदेशों का सभी अधिकारी कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, एआरटीओ सर्वेश सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेन्द्र कुमार, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अटल भूजल योजना की हुई समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद में जल संरक्षण संबंधी जो भी कार्य किए गए हैं उन सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण कर उससे संबंधित डेटा/ सूचना कल तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए। इस कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। कल तक डाटा उपलब्ध न कराने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जनपद में अटल भूजल योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा दिया जाय।जल के परंपरागत स्त्रोतों यथा कुओं, तालाबो,पोखरों ,झीलों का जीर्णोद्धार किया जाय । सभी सरकारी व अर्धसरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाय।

खेत तालाब योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाय। जल संरक्षण संबंधी अच्छा कार्य कर जनपद के सेमी क्रिटिकल ब्लॉकों सुमेरपुर व गोहांड को सेफ जोन में लाया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया कि अटल भूजल योजना के अनुरूप जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन की कार्य योजना बनायें जिससे आने वाले वर्षों में भूजल स्तर में सुधार आये और साथ ही साथ ग्राम पंचायत स्तर में जनपद बांदा के जखनी गांव के अनुरूप जन सहभागिता एवं जन जागरूकता को बढ़ावा मिले। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, पीडी साधना दीक्षित, समस्त बीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी ,जिला कृषि अधिकारी एवं अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रा का मोबाइल छीनकर फरार हुए बाइक सवार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी कस्बे का बाईपास इन दिनों अपराधियों के लिए सुरक्षित अड्डा बनता जा रहा है। ताजा मामला मंगलवार शाम का है, जब कॉलेज से घर लौट रही एक छात्रा से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। घटना के बाद छात्रा ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।आइए जानते हैं पूरा मामला... यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित इफको केंद्र के पास हुई। मुंशीगंज कॉलेज में पढ़ने वाली शालू गुप्ता, जो संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तारापुर गांव की रहने वाली है, कॉलेज से अपने घर लौट रही थी। रास्ते में, जब उसके परिजनों का फोन आया और उसने बातचीत शुरू की, तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीनकर भाग निकले।

### छात्रा ने घटना के बाद शोर मचाया

शोर मचाने पर आसपास के राहगीर इकट्ठा हो गए। राहगीरों के फोन से शालू ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई।

### 24 घंटे में दूसरी वारदात

इससे पहले, सोमवार की शाम को इसी बाईपास पर एक और बड़ी छिनैती की वारदात हुई थी। बैंक से पैसे निकालकर घर जा रहे एक युवक की गाड़ी का शीशा तोड़कर बदमाश डेढ़ लाख रुपये लेकर फरार हो गए थे।

### बढ़ते अपराधों पर सवालिया निशान

अमेठी तहसील के आसपास लगातार हो रही छिनैती की घटनाओं ने स्थानीय लोगों में दहशत पैदा कर दी है। बाईपास पर बढ़ती वारदातों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/ योजनाओं की प्रगति की रैकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि इस माह जनपद ने अब तक की सर्वोच्च तीसरी रैंक प्राप्त की है सभी विभाग और अच्छे से कार्य करके जनपद को पहले पायदान पर लाने का प्रयास करें।

कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है उनके द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति में तेजी लाकर रैंकिंग में सुधार किया जाए। कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। कहा कि पोर्टल पर डाटा फीड करने से पूर्व उस डाटा को संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा स्वयं देखा जाय तथा मुख्य विकास अधिकारी को भी अवश्य दिखा दिया जाए ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए। एनआरएलएम विभाग द्वारा विभागीय कार्यों में तेजी लाई जाए तथा विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। कहा कि कल से शुरू होने वाले सुशासन सप्ताह में सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा जिला, तहसील , ब्लाक , ग्राम आदि सभी स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनकर शत प्रतिशत शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाय तथा पोर्टल पर फीड किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि मा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में डाटा फीडिंग का कार्य सबसे महत्वपूर्ण है अतः डाटा फीडिंग के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों द्वारा डाटा फीडिंग का कार्य स्वयं भी देखा जाय,केवल ऑपरेटर पर निर्भर ना रहे। उन्होंने खराब रैंकिंग वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए। 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं/ निर्माण कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए । इसमें किसी भी तरह का विलंब अथवा समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को संबंधित संस्था को हैंडओवर किया जाए । निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराए जाने हेतु थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराया जाए। इस दौरान सीडीओ चन्द्र शेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित,उपायुक्त मनरेगा , समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## जिलास्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गौशालाओं में टीनशेड/ छाया आदि का प्रत्येक दशा में प्रबंध होना चाहिए। वर्तमान ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं में पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सभी इंतजाम रखे जाएं । किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही से गौशालाओं में अन्ना पशुओं की मृत्यु पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की जिन गौशालाओं में अब तक टीनशेड/ छाया आदि का प्रबंध नहीं है वहां पर तत्काल इसका प्रबंध कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत गौशालाओं में टीनशेड की व्यवस्था कर सभी खंड विकास अधिकारियों इसका प्रमाण पत्र दिया जाए। कहा कि गौशाला में अन्ना गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद की गोचर भूमि में चारागाह विकसित किया जाए। शत प्रतिशत अन्ना गौवंश का गौशालाओं में संरक्षण हो जाना चाहिए । गौआश्रय स्थलों में चारा पानी भूसे तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, समस्त बीडीओ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे ।

## फार्मर रजिस्ट्री को लेकर एसडीएम ने सीएससी केन्द्र संचालकों के साथ की बैठक



### कैंप लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

अमेठी कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में सीएससी केंद्र संचालकों के साथ फार्मर रजिस्ट्री बनाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एसडीएम द्वारा बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री प्रत्येक किसान का बनना अनिवार्य है जिससे कि उनको किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके, सीएससी केंद्र संचालकों को निर्देश दिया गया कि आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा कैंप लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाएं। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी नहीं होगी उनको भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएससी जिला प्रबंधक एवं सीएससी केंद्र संचालक उपस्थित रहे।

# डीएम हमीरपुर की एक और सराहनीय नवाचारी पहल

## जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने 12 गरीब/ जरूरतमंद लोगों को दिए आवासीय पट्टे

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर ।जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जब से जनपद में कार्यभार ग्रहण किया है तब से जनपद में अनेक प्रकार के नवाचार करके गरीब/ जरूरतमंद लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं / कार्यक्रमों से लाभान्वित कर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं ।

इसी क्रम में आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनसुनवाई के दौरान राठ तहसील के जखेड़ी गांव के 12 भूमिहीन लोगों को 100- 100 वर्ग मीटर के कुल 1200 वर्ग मीटर के आवासीय पट्टे के अधिकार दिए तथा इसका प्रमाण पत्र लाभार्थियों को सौंपा ।आज जिन 12 लोगों को आवासीय पट्टा दिया गया है उनमें से प्रमोद रानी ,गीता ,अरविंद कुमार ,धर्मपाल, पवन कुमार, मनीराम ,बिहारी लाल, श्री चंद्र ,पप्पू ,हरि सिंह ,मुन्ना ,रामाधार शामिल है। आवासीय पट्टा का प्रमाणपत्र सौंपने के पश्चात जिलाधिकारी ने इन लोगों को ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल भी दिए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के गरीब/ जरूरतमंद लोगों को नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार तहसीलवार भूमि पट्टे के अधिकार दिए जाएंगे ताकि गरीब / भूमिहीन लोगों को भूमि का अधिकार मिल सके। आज जिलाधिकारी की जनसुनवाई में लगभग 108 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## विकास कार्यों को लेकर गोमती मित्रों ने अधिकारी से की मुलाकात




अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर सीताकुंड धाम पर रुके विकास कार्यों को लेकर गोमती मित्र मंडल परिवार ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज से मुलाकात की। इस मुलाकात में गोमती मित्र मंडल परिवार ने अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने इस मांग पर सहमति जताते हुए रुके कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया।जिसमें गोमती मित्र मंडल परिवार के राकेश सिंह ददादू, अजय वर्मा, विकास शर्मा, मुन्ना पाठक, आलोक तिवारी, सुजीत कसौधन, आदि लोग मौजूद

# अमेठी सीएमओ ने जगदीशपुर ट्रामा सेंटर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कर्मियों का रोका वेतन, मचा हड़कंप



अमेठी सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह



### बाहर की दवा लिखने पर कार्रवाई की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी सीएमओ अंशुमान सिंह का जिले का अस्पतालों का ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण लगातार जारी है। आज सीएमओ ने जगदीशपुर ट्रामा सेंटर और सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया।सीएमओ ने सख्त निर्देश दिया कि लैब की रिपोर्ट 48 घंटे के अंदर मरीजों को उपलब्ध करा दी जाए। इसके साथ ही डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवा और बाहर की जांच लिखने पर कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

### लगातार चलता रहेगा निरीक्षण

अमेठी सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह पिछले कई दिनों से जिले के सीएचसी और पीएचसी का औचक में निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत को परख रहे हैं।

### 24 घंटे में सफाई का निर्देश

इसके साथ ही अस्पताल परिसर में गंदगी मिलने पर 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए अस्पताल प्रशासन को साफ सफाई कराने का आदेश दिया। सीएमओ ने लैब कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 48 घंटे के भीतर मरीजों द्वारा जांच कराई गई रिपोर्ट को उनको सौंप दिया जाए।

### बाहर की दवा लिखी तो खैर नहीं

अमेठी सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह इस समय फुल एक्सन मोड़ में है कंडे निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी भी डॉक्टर द्वारा बाहर की दवा लिखी गई या फिर जांच के लिए मरीजों को बाहर भेजा गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

### एक दिन पहले संग्रामपुर का निरीक्षण किया था

एक दिन पहले सीएमओ ने संग्रामपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया था तो आज सीएमओ ने जगदीशपुर ट्रामा सेंटर और सीएचसी का औचक ।निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान सीएचसी में आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया।

## पीपरपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 संतोष कुमार मिश्रा मय हमराह देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहन के दौरान गोवध निवा0 अधि0 थाना पीपरपुर में वांछित अभियुक्त शराबी उर्फ मो0 करीम पुत्र नियाज अली निवासी ग्राम रघईपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।


अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




## 16 साल से कम उम्र के हैं तो नहीं देख सकेंगे 'बेबी जॉन'

**नई दिल्ली।** बदलापुर मूवी के बाद एक बार फिर वरूण धवन एक्शन की दुनिया में जबरदस्त वापसी कर रहे हैं। वो बहुत जल्द मूवी बेबी जॉन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ इंडियन फिल्मों की हिट एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश नजर आएंगी। साथ ही वामिक गब्बी भी फिल्म का हिस्सा होंगी। फिल्म के लिए सारे सितारे तगड़ा प्रमोशन कर रहे हैं। साथ ही ये भी पता चला है कि फिल्म को सोलह साल से कम उम्र के लोगों को देखना अलाउड नहीं होगा। फिल्म को सेंसर बोर्ड ने U/A सर्टिफिकेट दिया है। जो 16 प्लस के लिए है। इस सर्टिफिकेट के अनुसार ये फिल्म सोलह साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए है। फिल्म को ऐसा सर्टिफिकेट मिलने की वजह है, इसमें मौजूद वॉयलेंस के सीन।


लाइफ Style

## कृति
## तोड़ चुकी हैं डेटिंग की खबरों पर चुप्पी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सेनन ने इस साल फिल्म 'दो पत्ती' से बतौर निर्माता डेब्यू किया है। इसमें उन्होंने काजोल के साथ अभिनय भी किया। फिल्म और अभिनय के साथ-साथ कृति इस वक्त अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर वे कबीर बहिया को डेट कर रही हैं।

दोनों के अफेयर की खबरों के बीच इनकी शादी की अफवाह फैल रही हैं। इसके पीछे वजह है कृति की एक तस्वीर। कृति सेनन और कबीर इससे पहले भी कई बार साथ नजर आ चुके हैं। इससे पहले कबीर के साथ अपनी डेटिंग और शादी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कृति ने कहा था कि वे अभी शादी करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने इस तरह की खबरों को परेशान करने वाला बताया। फिलहाल एक बार फिर चर्चाएं तेज होने पर कृति क्या प्रतिक्रिया देती हैं, देखना दिलचस्प होगा। कबीर बहिया के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच हाल ही में कृति सेनन उनके साथ एक शादी समारोह में शामिल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शादी कबीर के किसी करीबी रिश्तेदार की थी, जिसमें कृति ने भी शिरकत की। यह शादी दुबई में आयोजित हुई। शादी से अभिनेत्री की एक तस्वीर सामने आई है। इसे स्नेहकुमार (@snehzala) नाम के यूजर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस शादी समारोह में महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ पहुंचे। धोनी के एक फैन पेज से भी इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें कृति भी पिंक साड़ी में नजर आ रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



## सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** दिसंबर का महीना प्राइम वीडियो के लिए शानदार रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर ड्वेन जॉनसन, क्रिस इवांस की फिल्म 'रेड वन' को शुरुआती हफ्ते में 5 करोड़ दर्शकों ने वर्ल्डवाइड देखा है। यह फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म 'रेड वन' अभी भी नॉर्थ अमेरिका में 3,000 से ज्यादा स्क्रीन पर दिखाई जा रही है, वहीं ओवरसीज में 3,300 स्क्रीन चल रही है। इसमें ड्वेन जॉनसन, क्रिस इवांस के अलावा लूसी लियू, बोनी हंट, क्रिस्टोफर हिवजू, निक क्रोल, वेस्ले किमेल और जे.के. सिमंस जैसे कलाकार भी हैं।



## जेम्स गन ने जारी किया 'सुपरमैन' का मोशन पोस्टर

**लॉस एंजिल्स।** इस हफ्ते सुपरमैन के साथ कुछ खास होने वाला है। जेम्स गन द्वारा डेविड कोरेंसवेट, रेचल ब्रोसनाहन और निकोलस हॉल्ट अभिनीत 'सुपरमैन' का रूपांतरण अब अपने पहले पोस्टर के साथ शुरू हो गया है। सुपरमैन के पहले आधिकारिक पोस्टर में डेविड कोरेंसवेट मैन ऑफ स्टील में बदल गए हैं। सोमवार को निर्देशक जेम्स गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सुपरमैन का मोशन पोस्टर जारी किया। जेम्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें शानदार म्यूजिकल स्कोर था। इसमें डेविड कोरेंसवेट सुपरमैन की पोशाक में लाल अंडरवियर में पूरी ताकत से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ऊपर देखें। सुपरमैन सिर्फ 11 जुलाई को सिनेमाघरों में है।' ऐसे में अब इस फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया गया है।



## अभिनेत्री बनने के लिए पढ़ाई का सहारा

**नई दिल्ली।** टीवी से शुरुआत करने वाली प्रतिभा रांटा आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं। 'लापता लेडीज' में 'जया' के किरदार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली प्रतिभा का जन्म 17 दिसंबर 2000 में शिमला में हुआ था। हिमाचल की वादियों में अपनी पढ़ाई पूरी करते हुए ही प्रतिभा की रुचि अभिनय की तरफ ही बढ़ने लगी थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतिभा ने मॉडलिंग की और मुंबई आ गईं। इसके बाद उनके अभिनय करियर की शुरुआत टेलीविजन शो 'कुर्बान हुआ' से हुआ था। प्रतिभा ने भले ही अभिनेत्री बनने का सपना बड़े अरमानों के साथ देखा था, लेकिन उनका परिवार इस सपने के एकदम खिलाफ था। ऐसे में पढ़ाई का सहारा लेकर प्रतिभा मुंबई आईं और अपने सपनों की तरफ कदम आगे बढ़ाने लगीं।



## सेट से शेयर हुईं बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** निर्देशक संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा निर्देशित फिल्म स्काई फोर्स की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे फिल्म से जुड़े कई वीडियोज और तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं, जिन्हें प्रशंसक बेहद पसंद कर रहे हैं। सारा ने फिल्म स्काई फोर्स की शूटिंग की दो बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं, जिन्हें देखकर कोई भी अंदाजा लगा सकता है कि फिल्म में कितने शानदार सीन दिखने वाले हैं। सारा अली खान ने दो तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक तस्वीर में सारा खूबसूरत नजारे को निहारती नजर आ रही हैं। सारा पीली साड़ी के साथ लाइट ब्लू रंग के ब्लाउज में अपनी बैक को फ्लॉन्ट करती नजर आईं। इस तस्वीर में वह ढलते सूरज को निहारती नजर आ रही हैं।

टीवी मसाला



## एटली का 'मजाक उड़ाने' पर ट्रोल हुए कपिल ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा रीसेंटली साउथ डायरेक्टर एटली से अपने सवाल के लिए ट्रोल हुए थे। अब कपिल ने एक ट्वीट में सफाई दी है। जिस शख्स ने कपिल के शो की क्लिप पोस्ट करके सवाल किया था कि क्या वह एटली के लुक का मजाक उड़ा रहे हैं। अब कपिल ने उसे रीट्वीट करके लोगों से अपील की है कि वे लोग खुद देखकर फैसला करें किसी और के बहकावे में न आएं। कपिल शर्मा के मजाक अक्सर कई दर्शकों के गले के नीचे नहीं उतरते। रीसेंटली द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेहमान बने बेबी जॉन के प्रोड्यूसर एटली से कपिल ने कुछ ऐसा कहा कि लोग उनको ट्रोल कर रहे थे। अब कपिल ने इसका जवाब दिया है। कपिल ने लिखा है, डियर सर क्या आप मुझे समझाएंगे कि मैंने इस वीडियो में लुक्स के बारे में बात कहां की है? कृपया सोशल मीडिया पर नफरत मत फैलाइए। शुक्रिया। साथ में लिखा है, दोस्तों आप खुद देखिए तब फैसला कीजिए, किसी के भी ट्वीट को भेड़ की तरह फॉलो (भेड़चाल में) न करें। दरअसल कपिल ने शो पर आए एटली से कहा था कि वह काफी छोटी उम्र के हैं और बड़े प्रोड्यूसर, डायरेक्टर बन गए हैं। क्या ऐसा कभी हुआ है कि किसी स्टार से मिलने गए हों और उन्होंने एटली को पहचाना न हो और पूछ दिया हो कि एटली कहां है? इस पर एटली ने कहा था कि वह समझ रहे हैं कि कपिल क्या कहना चाह रहे हैं। इसके बाद एटली ने बोला था कि इंसान का चेहरा नहीं बल्कि दिल देखकर जज किया जाना चाहिए। ज्यादातर लोगों को लग रहा था कि कपिल ने जो सवाल किया वो ठीक नहीं था।

### इस साल दिव्या भी बंधी शादी के बंधन में

**नई दिल्ली।** शादियों का सीजन हमेशा रहता है। इस साल बॉलीवुड और टीवी में कई सेलेब्स ने शादी की है। उन्होंने इतनी धूमधाम से शादी की थी कि सबकी फोटोज सोशल मीडिया पर अभी भी वायरल हो रही हैं। कई सालों तक अपने बॉयफ्रेंड को डेट करने के बाद इन एक्ट्रेसेस ने शादी करने का फैसला लिया है। आज आपको उन टीवी एक्ट्रेसेस के बारे में बताते हैं जिन्होंने साल 2024 में शादी की है। टीवी एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने 20 फरवरी को बिजनेसमैन अपूर्व पडगांवकर से शादी की है। उनकी शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों से घर पर ही हुई थी। दिव्या के बाद इश्कबाज फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने भी इसी साल शादी रचाई थी। सुरभि ने 2 मार्च को अपने बॉयफ्रेंड करण शर्मा के साथ शादी की थी। टीवी की पार्वती सोनारिका ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संग 18 फरवरी को सात फेरे लिए थे।



## देश के सिर्फ 9 थिएटर में रिलीज हुई थी फिल्म, बाद में बनी सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** गुजरे जमाने में कई एक्ट्रेस ने इंडियन सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इसमें मधुबाला, मीना कुमारी, वैजयंती माला, साधना और मुमताज जैसी खूबसूरत अभिनेत्रियों का हिंदी सिनेमा में शानदार करियर रहा है। इन सभी अभिनेत्रियों के बीच एक नाम और था, जो दर्शकों के दिलों की धड़कन बना था। इस एक्ट्रेस ने साल 1973 में आई एक फिल्म में काम किया था, जो सिर्फ देश के नौ थिएटर्स में ही रिलीज हुई थी। इस एक्ट्रेस ने अपनी इस फिल्म से इंडियन सिनेमा में धमाका मचा दिया था।



### कौन हैं ये वेटरन एक्ट्रेस?

दरअसल, हम बात कर रहे हैं करीना कपूर खान की सासू मां यानी वेटरन एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर की, जो अपने जमाने की सुपरहिट एक्ट्रेस रह चुकी हैं। शर्मिला ने अपने फिल्मी करियर में 'आराधना' और 'मेरे हमसफर' जैसी हिट फिल्में दी हैं। शर्मिला ने राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और जीतेंद्र जैसे स्टार संग भी काम किया है। बता दें, हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना के साथ आज से 51 साल पहले शर्मिला ने 'दाग' फिल्म से धमाका कर दिया था। फिल्म 'दाग' को दिवंगत डायरेक्टर यश चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। राजेश खन्ना और शर्मिला स्टारर यह सुपरहिट फिल्म 'दाग' साल 1973 में महज 9 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर के साथ-साथ राखी भी अहम रोल में नजर आई थीं। 'दाग' के मेकर्स ने फिल्म को कुछ ही थिएटर्स पर रिलीज करने का प्लान किया था, लेकिन फिल्म इतनी बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित होगी, किसी ने सोचा नहीं था। गौरतलब है कि मेकर्स और फिल्म डिस्ट्रिब्यूटर्स 'दाग' की कहानी को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं थे। 'दाग' से पहले राजेश खन्ना की कुछ फिल्में भी नहीं चली थी, लेकिन 'दाग' ने पूरी कहानी ही पलट दी।



## 'पुष्पा -2' पहुंची 1500 करोड़ के पास

**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल 1500 करोड़ के करीब पहुंच गई है। मेकर्स ने 11 दिनों का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन साझा किया है जो कि 1409 है। पुष्पा 2 अब सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्मों में तीसरे नंबर पर। वर्ल्ड वाइड कमाई के मामले में पुष्पा 2 RRR, केजीएफ चैप्टर 2, जवान और पठान सबको पीछे छोड़ चुकी है। दंगल फिल्म अभी भी वर्ल्ड वाइड कलेक्शन के मामले में इंडियन फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर है। इसने 2024 करोड़ रुपये की कमाई की है। प्रभास की फिल्म बाहुबली 2 इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। इसने वर्ल्ड वाइड 1742.3 करोड़ रुपए कमाए हैं। पुष्पा 2, 11 दिनों में 1405 करोड़ रुपए कमा चुकी है और अभी थिएटर्स में है। ट्रेड एनालिस्ट मान रहे हैं कि यह बाहुबली को क्रॉस कर लेगी, लेकिन बेबी जॉन की रिलीज के बाद इसका कलेक्शन गिरेगा तो दंगल को पछाड़ना मुश्किल है। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्ड वाइड 1250 करोड़ रुपए कमाए हैं। लिस्ट में पुष्पा 2 आगे निकल गई है। यश स्टारर केजीएफ चैप्टर 2 ने वर्ल्ड वाइड ग्रॉस 1176 करोड़ रुपए कमाए हैं। टॉपर लिस्ट में केजीएफ 2 पांचवें नंबर पर पहुंच गई है।



### 2024 में कई हिट फिल्मों ने दर्शकों का किया भरपूर मनोरंजन

## इस साल इन शानदार गानों ने मचाया धमाल, दिखे हॉट डांस मूव्स

*नई दिल्ली। साल 2024 जाते-जाते कई सारी यादें अपने साथ छोड़ जाएगा, लेकिन लोगों को कई यादगार पल देकर जाएगा। इस साल कई हिट फिल्मों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, तो वहीं कुछ फिल्मों के सॉन्ग भी प्रशंसकों को बेहद पसंद आए। इन गानों ने दर्शकों को अपने ट्रैक पर डांस करने के लिए मजबूर कर दिया।*

### तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया)

सबसे पहले बात करते हैं शाहिद कपूर और कृति सेनन की साइंस फिक्शन फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' की। इस फिल्म का टाइटल 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' बेहद शानदार और जबर्दस्त रहा। इस गाने में शाहिद के साथ कृति सेनन ने जमकर रोबोटिक डांस भी किया, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का संगीत तनिष्क बागची, सचिन-जिगर, राघव, तलविन्दर, एमसी स्क्वायर और एनडीएस द्वारा रचित है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (टाइटल ट्रैक) कनाडाई गायक राघव के 2004 के एल्बम स्टोरीटेलर के गाने 'तेरी बातें (योर वर्ड्स)' का रीमेक है।



### सोना कितना सोना (फिल्म क्रू)

फिल्म 'क्रू' के साथ ही इस फिल्म के कई गाने हिट हुए, लेकिन फिल्म का एक गाना 'सोना कितना सोना है' दर्शकों को बेहद पसंद आया। इस गाने को आईपी सिंह और नूपुर खेदकर ने अपनी आवाज से सजाया है। इस गाने में करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू को सोने की तस्करी करते हुए दिखाया गया है। इस गाने के कुछ शब्द फिल्म खलनायक के गाने 'चोली के पीछे क्या है' से लिए गए हैं।



### तौबा-तौबा (फिल्म बैड न्यूज)

फिल्म बैड न्यूज का सबसे चर्चित गाना 'तौबा-तौबा' इस साल के हिट ट्रैक लिस्ट में शामिल है। इस गाने में विक्की कौशल के जबर्दस्त डांस मूव्स सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। 'तौबा तौबा' इस साल के सबसे बड़े चार्टबस्टर्स में से एक है। इस गाने को करण औजला ने लिखा, कंपोज किया और गाया है। गाने में विक्की कौशल ने पंजाबी अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया।



### आज की रात (फिल्म स्त्री 2)



इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री 2 का शानदार गाना 'आज की रात' सबसे बड़ा हिट गाना रहा। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का 'आज की रात' में तमन्ना भाटिया ने जबर्दस्त डांस किया है। 'आज की रात' को माधुबंती बागची और दिव्या कुमार ने अपनी आवाज से सजाया है, जबकि इसे सचिन-जिगर और अमिताभ भट्टाचार्य ने कंपोज किया है।

### किसिक (फिल्म पुष्पा 2 द रूल)

इस साल की बहुचर्चित फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' में कई बेहतरीन गाने हैं, लेकिन फिल्म का एक गाना जो दर्शकों की जुबां पर आज भी चढ़ा है, वह है 'किसिक'। इस गाने में अल्लू अर्जुन और साउथ अभिनेत्री श्रीलीला ने अपने धमाकेदार डांस मूव्स से दर्शकों को अपना बना लिया। इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है और सुब्लाशिनीने गाया है।

